आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 15 अंक 294- • जबलपुर • मंगलवार, 30 नवम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कृष्ण पक्ष-11 • विक्रम संवत 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## सेंसेक्स में 613 पॉइंट्स की तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज अच्छी खासी तेजी है। सुबह बाजार 12 पॉइंट्स की बढ़त के साथ 57,727 पर खुला था। इस समय यह 613 अंकों की तेजी के साथ 57,873 पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 17,051 पर खुला था। इस समय इसमें 176 अंकों की तेजी है और यह 17230 पर कारोबार कर रहा है। इसने दिन में 17,197 का हाई बनाया जबकि 17,051 का निचला स्तर बनाया।

# जलवा भारतीयों के हाथ में डिजिटल दुनिया की कमान

## गूगल में सुंदर पिचाई का राज, माइक्रोसॉफ्ट की कमान सत्या नडेला के हाथ अब ट्विटर के सीईओ बने पराग अग्रवान

**नई दिल्ली।** सोमवार को ट्विटर के सीईओ पद से जैक डॉर्सी के इस्तीफा देने के बाद भारतवंशी पराग अग्रवाल को इस पद पर नियुक्त किया गया। वर्तमान में देखें तो डिजिटल दुनिया की कमान इस समय भारतीयों के हाथों में है। माइक्रोसॉफ्ट हो या फिर गूगल, एडोब हो या आईबीएम सभी कंपनियों में भारतीय के इशारे पर काम हो रहा है। अब इसमें नया नाम पराग अग्रवाल का जुड़ गया है। आइए जानते हैं इस सूची में और कौन-कौन भारतीय शामिल है, जो पूरी दुनिया में अपना डंका बजा रहा है।

दुनिया की सबसे प्रमुख सोशल मीडिया साइट्स में से एक ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डॉर्सी ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद इसकी कमान अब भारतीय मूल के पराग अग्रवाल के हाथों में आ गई है। पराग को ट्विटर का नया सीईओ नियुक्त किया है। इससे पहले पराग अग्रवाल कंपनी में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ) के पद पर पदस्थ थे। उन्होंने 2011 में इंजीनियर के पद पर कंपनी ज्वाइन करने के बाद सीटीओ तक का सफर तय किया और अब सीईओ की कुर्सी पर बैठ गए हैं।



उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से इंजीनियरिंग और कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की पढ़ाई की है।

विश्व के सबसे बड़े सर्च इंजन के सीईओ सुंदर पिचाई हैं। सुंदर पिचाई को साल 2015 में गूगल कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया था। आज गूगल में उनका आदेश माना जाता है। सुंदर पिचाई ने साल 2004 में उन्होंने गूगल को ज्वाइन किया था।

गूगल और ट्विटर के साथ ही सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में भी भारतवंशी के इशारे पर ही सब काम होता है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ पर भी भारतीय मूल के सत्या नडेला पदस्थ हैं। हैदराबाद में जन्मे नडेला 2014 में कंपनी के सीईओ नियुक्त किए गए थे और अभी तक इसी पद पर कार्यरत हैं।

दुनिया की जानी-मानी कंप्यूटर हार्डवेयर कंपनी आईबीएम में सीईओ का पद भारतवंशी अरविंद कृष्णा के हाथ में है। अरविंद का जन्म भारत के आंध्र प्रदेश में हुआ था और साल 2020 में उन्हें आईबीएम कंपनी का सीईओ बनाया गया था। पढ़ाई लिखाई की बात करें तो अरविंद कृष्णा ने आईआईटी कानपुर से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है।

और भी कई बड़े नाम शामिल इनके अलावा और भी कई भारतवंशी ऐसे हैं जो दिग्गज कंपनियों में सीईओ बने बैठे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कैलिफोर्निया स्थित एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वीएम वेयर के सीईओ रघु रघुराम का नाम भी शामिल है। अब पराग अग्रवाल का नाम इस सूची में जुड़ना निश्चित तौर पर भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

## मां तो मां ही है ...

## एक किमी तक पीछाकर तेंदुए के जबड़े से बेटे को बचा लाई



**सीधी।** तेंदुआ के गाल से मां अपने बेटे को बचा लाई। मां पर तेंदुआ ने दो बार वार किया है। इस घटना के बाद से आदिवासी क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। साल भर के भीतर यह दूसरी घटना है। हालांकि इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में चल रहा है। इनकी हालत ठीक बताई गई है।बता दें संजय टाइगर बफर जोन टमसार रेंज अंतर्गत बाड़ीझरिया गांव में एक बैगा आदिवासी परिवार की किरण बैगा अपने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए रविवार शाम सात बजे घर के सामने अलाव जलाकर तीन बच्चों के साथ बैठी हुई थी। इसी दौरान पीछे से अचानक तेंदुआ आ आया और बगल में बैठे 8 वर्षीय बेटे राहुल को मुँह में दबाकर जंगल की ओर भाग गया।

# 12 सांसदों के निलंबन सही विपक्ष ने किया वॉकआउट

## सभापति के निर्णय के बाद संसद में गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस के दो सांसदों की ओर से आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों और महंगाई पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा 12 सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी दलों की बैठक 10 बजे से शुरू होगी। इस बैठक में टीएमसी शामिल नहीं होगी। विपक्षी नेताओं ने 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित किए जाने के फैसले के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया। यह सांसद लोकसभा और राज्यसभा से वॉकआउट कर के बाहर जुटे थे। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू की ओर से सांसदों के निलंबन को वापस न लिए जाने के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने वॉकआउट कर दिया। राज्यसभा सभापति वेंकैया नायडू ने विपक्ष के 12 सांसदों का निलंबन वापस लेने की अपील को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभापति को कार्रवाई करने का अधिकार है और वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र का कड़वा अनुभव हमें आज भी याद है। उधर, एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सांसदों पर की कई कार्रवाई का मुद्दा पिछले सत्र का है, तो इस पर अब निर्णय कैसे लिया जा सकता है।



### लोकसभा दो बजे तक स्थगित

कांग्रेस, डीएमके और नेशनल कांफ्रेंस के वॉकआउट के बाद लोकसभा को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है। 12 सांसदों के निलंबन पर विपक्षीय दलों की बैठक शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक, सभी निलंबित सांसद 12 बजे उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू से भी मुलाकात कर सकते हैं। उधर, राज्यसभा में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सांसदों का निलंबन करके सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपना जवाब देने की अनुमति मिलनी चाहिए।

### पीएम मोदी की वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक

सांसदों के निलंबन से विपक्ष की नाराजगी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद पहुंच चुके हैं। पीएम मोदी संसद पहुंच कर वरिष्ठ मंत्रियों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा कई मंत्री मौजूद हैं।

## भारत में अब तक ओमिक्रोन को एक भी केस नहीं, लेकिन इस एक केस ने बढ़ाई चिंता



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। दक्षिण अफ्रीका से निकरा कोरना का नया वैरिएंट ओमिक्रोन या ओमीक्रोन अब 14 देशों में फैल चुका है। अच्छी बात यह है कि भारत में अब तक का एक भी केस सामने नहीं आया है। हालांकि कर्नाटक से डराने वाली खबर आ रही है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका से यहां लौटे दो नागरिकों की कोरोना रिपोर्ट आ गई है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से लौटे दो लोगों में से एक का नमूना कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से अलग लग रहा है। उनके मुताबिक, 63 वर्षीय व्यक्ति है जिसका नाम मुझे नहीं बताना चाहिए। उसकी रिपोर्ट थोड़ी अलग है। यह डेल्टा वैरिएंट से अलग प्रतीत होता है। हम आईसीएमआर अधिकारियों के साथ चर्चा कर विस्तृत जानकारी पता कर रहे हैं। इस बीच, दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी की है और ओमिक्रोन को दुनिया के लिए बड़ा खतरा बताया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी चेतावनी के मुताबिक, शुरुआती सबूतों के आधार पर कहा जा रहा सकता है कि ओमाइक्रोन वैरिएंट से जोखिम बहुत अधिक है। यह गंभीर परिणामों के साथ पूरी दुनिया में फैल सकता है। स्वास्थ्य एजेंसी ने सदस्य राज्यों को जारी एक तकनीकी पत्र में कहा, काफी अनिश्चितताएं इस वैरिएंट को लेकर बनी हुई हैं जो पहली बार दक्षिणी अफ्रीका में मिला था।

## फटाफट खबरें



### कंगना को मिल रही जान से मारने की धमकियां

**कानपुर।** कंगना रणौत को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखने के बाद से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। जिसके बाद अभिनेत्री ने इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। इसकी जानकारी कंगना ने इंस्टाग्राम पर दी है। साथ ही एफआईआर की कॉपी भी साझा की है। कंगना ने गोल्डन टैंपल की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए बताया है, %मुंबई में हुए आतंकी हमले के शहीदों को याद करते हुए मैंने लिखा था कि गद्दारों को कभी माफ नहीं करना, ना ही भूलना। इस तरह की घटना में देश के अंदरूनी देशद्रोही गद्दारों का हाथ होता है।

देखें पेज 7 भी

### मुंबई दौरे पर ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे की तबीयत खराब

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज से दो दिवसीय मुंबई दौरे पर हैं। इस दौरान वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी के शरद पवार से मुलाकात करने वालीं थीं। लेकिन उद्धव ठाकरे की तबीयत खराब होने की वजह से यह मुलाकात नहीं हो पाएगी। अब ममता बनर्जी सिर्फ राकांपा प्रमुख शरद पवार से ही मुलाकात करेंगी।

## हरि कुमार ने संभाला नौसेना प्रमुख का पदभार, मां के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** एडमिरल आर हरि कुमार ने मंगलवार को नौसेना प्रमुख प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया है। इस पदभार से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। गार्ड ऑफ ऑनर मिलने के बाद हरि कुमार काफी भावुक दिखे। उन्होंने अपनी मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उनके गले से लिपट गए। इस दौरान उनकी मां भी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने एडमिरल केबी सिंह की जगह ली। 30 महीने के कार्यकाल के बाद केबी सिंह आज सेवानिवृत्त हो गए। एडमिरल आर हरि कुमार ने एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के हिस्से के तौर पर बने थिएटर कमांड स्ट्रक्चर की मूल स्थापना में अहम भूमिका निभाई है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नौ सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। भारत की समुद्री सीमा की चुनौतियों और हितों के लिए आगे भी काम होता रहेगा।

## प्रियंका गांधी से मिलने को यूपी कांग्रेस कार्यालय के बाहर धरना दे रहे राजस्थान के सैकड़ों बेरोजगार युवा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राजस्थान के बेरोजगार युवाओं को धरने को आज तीन दिन पूरे हो गए हैं। ये युवा अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मिलने यूपी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे हैं। लेकिन इन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है। कड़ाके की ठंड में लखनऊ स्थित यूपी कांग्रेस मुख्यालय के बाहर सड़कों पर सोने और अनशन के कारण कई युवाओं की तबीयत बिगड़ चुकी है। कुछ साथी अस्पताल में भर्ती है। लेकिन राजस्थान के बेरोजगारों का उत्तर प्रदेश में धरना चौथे दिन भी जारी है। इस बीच, राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने अपने इरादों को साफ करते हुए कहा कि हम हारेंगे नहीं, लड़ेंगे और जीतेंगे अन्यथा हमारी लाशें ही राजस्थान जाएंगी। उपेन यादव ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर की सड़क पर कंपकंपाती सर्दी में राजस्थान के बेरोजगार युवा सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्वीट में उपेन यादव ने लिखा, देख लीजिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर की युवा बेरोजगारों की तस्वीरें, जहां भी जगह मिल रही है वहीं बेरोजगार कड़कड़ाती सर्दी में सो रहा हैं। कोई टेबल के नीचे सो रहा है तो कोई होर्डिंग्स के नीचे सो रहा है, हम लेकिन हारेंगे नहीं लड़ेंगे और जीतेंगे, अन्यथा हमारी लाशें ही राजस्थान आएंगी।



## विद्यार्थियों की रिपोर्ट आई पाजिटिव, नया वेरिएंट तो नहीं, जांच के लिए दिल्ली भेजे जाएंगे सैंपल

ग्वालियर। कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, वहीं नया वेरिएंट ओमीक्रोन के आने के बाद यह खतरा और बढ़ गया है। टेकनपुर में दो छात्रों के कोरोना पाजिटिव मिलने की खबर के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के भी हाथ पैर फूले हुए हैं। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग दोनों छात्रों के सैंपलों को जांच के लिए दिल्ली में भेजेगा, यह सैंपल आज भेजे जाएंगे। वहीं शहर में अभी भी तीसरी लहर का खतरा टला नहीं है, क्योंकि कोरोना का यह नया वेरिएंट काफी तेजी के साथ फैलता। इसके कारण देश में तीसरी लहर आने का अंदेशा सता रहा है।

## मप्र में बारिश की संभावना

**भोपाल।** सर्द हवाओं के चलते वातावरण में सिहरन बढ़ गई हो, लेकिन मौसम के मिजाज में एक बार फिर बदलाव होने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में बन रहे सिस्टम के अलावा एक पश्चिमी विक्षोभ भी मंगलवार को उत्तर भारत में दाखिल होने जा रहा है। वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से हवाओं के साथ नमी आने लगी है। बुधवार-गुरूवार को बारिश भी हो सकती है।

## शराब की तस्करी पर पैनी नजर रखेगा ड्रोन



**पटना।** बिहार में शराब तस्करों पर लगाम लगाने के लिए मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत विभाग ने हर जिले में 50 किमी की दूरी पर एक गश्ती दल लगाया है। यह गश्ती दल सड़क से लेकर नदियों तक शराब की तस्करी पर पैनी नजर रखेगा और इसके लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी। इसके अलावा शराब पीने वालों की धर-पकड़ तेज करने के लिए विभाग ने उपयुक्त संख्या में ब्रेथ एनालाइजर की खरीद की निविदा निकाली है। इसे हर गश्तीदल को दिया जायेगा। वहीं गुप्त सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे इनाम दिया जायेगा। जिलों में छापेमारी और गश्ती के लिए गाड़ी और इंधन की व्यवस्था की जा रही है। एक अन्य कदम के रूप में नीतीश कुमार की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के बाद अब निजी क्षेत्र पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। इसके तहत शराबियों को नौकरी नहीं देने का कदम उठाया जा सकता है।

## प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग को अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश की नाफरमानी के रवैये को गंभीरता से लेकर राज्य के प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा को अवमानना नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांग लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने यह स्पष्ट करने कहा है कि पूर्व आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निर्धारित समय पर निराकरण क्यों नहीं किया गया। चार सप्ताह के भीतर वस्तुस्थिति साफ करने कहा गया है। ऐसा न किए जाने पर अवमानना की सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि इस तरह पूर्व आदेश-निर्देश को हल्के में लेना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता मयंक मोहन निगम की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता शासकीय पालिटेक्निक कालेज में कार्यरत था। फरवरी माह में उसे भ्रष्ट आचरण के चलते सस्पेंड कर दिया गया। याचिकाकर्ता को सस्पेंशन अलाउंस भी नहीं दिया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले में 29 सितंबर, 2021 को प्रमुख सचिव को निर्देश दिए थे कि 45 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का उचित आदेश पारित कर निराकरण करें। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। चूंकि निर्धारि 60 दिन बीतने के बाद भी प्रमुख सचिव ने अभ्यावेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया, इसलिए अवमानना याचिका दायर करने विवश होना पड़ा। याचिकाकर्ता ने चार अक्टूबर को प्रमुख सचिव को अभ्यावेदन पेश कर दिया था और रिसीविंग भी ली थी।




## कार निर्माताओं को 100 फीसदी बायो-एथेनॉल पर चलने वाले इंजन बनाने के निर्देश देंगे गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी महंगे पेट्रोल-डीजल से छुटकारा देने के लिए एक बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। सोमवार को एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अगले 2-3 दिनों में एक फाइल पर हस्ताक्षर करने जा रहा हूं, जिसमें कार निर्माताओं को 100 फीसदी बायो-एथेनॉल से चलने वाले इंजन बनाने के लिए कहा जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार एथेनॉल की बढ़ी हुई आपूर्ति के साथ फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाले वाहनों को जल्द से जल्द पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि 100 फीसदी बायो-एथेनॉल पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के रोलआउट के साथ ही एथेनॉल की मांग तुरंत 4 से 5 गुना तक बढ़ जाएगी।

# अनुच्छेद 370 के नाम पर स्पोर्ट्स लीग शुरू करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेष दर्जे को दो साल पहले ही रद्द कर दिया था। हालांकि, भाजपा के कई हलकों में इसकी गूंज अभी भी जारी है। ताजा मामला गुजरात का है, जहां भाजपा अनुच्छेद 370 के नाम पर ही एक स्पोर्ट्स लीग शुरू करने वाली है। बताया गया है कि इस लीग का आयोजन गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में किया जाएगा और इसमें क्रिकेट और कबड्डी जैसे खेलों के मुकाबले रखे जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीग का पूरा नाम गांधीनगर लोकसभा प्रीमियर लीग 370 (जीएलपीएल 370) होगा। भाजपा का लक्ष्य इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने से जोड़ने का होगा। अहमदाबाद शहर के भाजपा इकाई के महासचिव जीतूभाई पटेल के मुताबिक, इस लीग का नाम अनुच्छेद 370 पर रखा गया है, जिसे 2019 में अमित शाह जी के नेतृत्व में रद्द किया गया था। इस टूर्नामेंट को दिसंबर के मध्य में शुरू करने की योजना है। बताया गया है कि भाजपा ने लीग में क्रिकेट और कबड्डी के लिए हर वॉर्ड से दो टीमें (एक क्रिकेट और एक कबड्डी की टीम) शामिल करने का लक्ष्य रखा है। जिन सात विधानसभा सीटों से यह टीमें चुनकर आएंगी, उनमें वेजलपुर, घाटलोदिया, नरनपुरा, साबरमती, कलोल, गांधीनगर (उत्तर) और साणंद शामिल हैं। फिलहाल इस लीग को सिर्फ पुरुषों के लिए ही तय किया गया है। इसमें क्रिकेट मैचों को टेनिस बॉल से खिलाया जाएगा। इसके विज्ञापनों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप्स का इस्तेमाल होगा, जो इसका प्रचार-प्रसार करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2007 से ही गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) से जुड़े रहे हैं। उन्होंने राज्य खेल संघ में कांग्रेस नेताओं के 16 साल के वर्चस्व को खत्म करने में काफी अहम भूमिका निभाई है। नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे।



# अचानक बढ़ गई ठंड

# अब चुभने लगीं बर्फीली हवाएं

**जबलपुर। उत्तरी-पूर्वी बर्फीली हवाएं अब ठिठुरन का अहसास कराने लगी है। सुबह-सुबह खुले क्षेत्रों में ओस के साथ कोहरा भी छाने लगा है। वातावरण में ठंडक का अहसास अचानक बढ़ गया है। खमरिया, पिपरिया, परियट जैसे खुले क्षेत्रों में ठंड ने सुबह-सुबह ऐसा जोर मारा कि वाहन चालक ठिठुरते दिखे। बर्फीली हवाए अब चुभने लगी है। तापमान भी लगतार कम हो रहा है।**



आज सुबह का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम 11.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। सुबह की आर्दता 69 प्रतिशत रही। दिसंबर का सीजन सर्वाधिक ठंड पड़ती है। जैसे-जैसे दिसंबर का महीना नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे ठंड भी जोर पकड़ने लगी है। रविवार को सुबह से शाम तक ठंडक का अहसास बना हुआ है। वातावरण में घुली ठंडक के कारण धूप की गरमाहट लोगों को भाने लगी है। गर्म कपड़ों में दुबके लोग छतों पर धूप सेंकते देखे जा रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं का रूख अभी उत्तर पूर्वी है। जब पूरी तरह से हवा उत्तरी होगी तब ठंड का असर बढ़ जाएगा। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी और कड़ाके की ठंड महसूस होगी। बर्फीली हवाओं के कारण सुबह-सुबह ओस की बूंदे बिछने लगी है। मौसम विभाग की माने तो पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ के कारण जबलपुर सहित प्रदेश के जिलों में हुई बूंदाबांदी के कारण नवंबर माह में ही ठंड बढ़ने लगी है। दिसंबर के पहले सप्ताह में ठंड का असर तेज हो जाएगा। तापमान 10 डिग्री तक गिरने की संभावना है। वर्तमान में कोमरीन सागर-श्रीलंका क्षेत्र में समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई तक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है, जो और प्रभावशाली होकर उत्तर की ओर विस्थापित होगा। साथ ही 30 नवंबर को *बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर में निम्न दाब क्षेत्र के सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है, जो पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर उत्तरोत्तर 48 घंटों में विस्थापित होगा। वहीं 30 नवंबर की रात्रि से अद्यतन पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमोत्तर और मध्य भारत* को प्रभावित करने की संभावना बनी हुई है।

फोटो- अशोक बर्मन

## गुड गवर्नेंस में जबलपुर अव्वल

# सीएम ने एसपी को दी शाबाशी





**जबलपुर,** । गुड गवर्नेंस के मामले में जबलपुर पुलिस के कामकाज को प्रदेश स्तर पर सराहना मिली है। सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान इस मामले में जबलपुर के अव्वल रहने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा को शाबाशी दी।मुख्यमंत्री ने एक जनवरी से 31 अक्टूबर तक पुलिस के कामकाज का समग्र मूल्यांकन किया। अ वर्ग के छह जिलों में उन्होंने जबलपुर व उज्जैन पुलिस के प्रदर्शन की सराहना की। वहीं इसी वर्ग के चार जिलों सागर, भोपाल, इंदौर व ग्वालियर के कामकाज को संतोषजनक बताया। इसी प्रकार ब वर्ग के 24 जिलों में गुना, सतना, शहडोल तथा स वर्ग के 25 जिलों में सिंगरौली, सिवनी व झाबुआ के कामकाज की सराहना की।बताया जाता है कि सोमवार को सभी विभागों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने गुड गवर्नेंस के कुछ बिंदु तय किए थे। जिसके अंतर्गत हत्या, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म के प्रकरणों में आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी, लापता हुए बालक व बालिकाओं की दस्तयाबी, मादक पदार्थ एवं शराब तस्करों, खनिज संपदा के अवैध उत्खनन व परिवहन, भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई, असामाजिक तत्वों के खिलाफ जिला बदर, एनएसए व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का मूल्यांकन किया गया। सभी मापदंडों पर जबलपुर प्रदेश में अव्वल दर्जे पर रहा। पुलिस अधीक्षक बहुगुणा ने गुड गवर्नेंस में जबलपुर को मिली उपलब्धि के लिए अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों के कामकाज व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन को श्रेय दिया है।

## फोटो जमा करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर

# नर्मदा पंचकोशी फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी 14 दिसंबर को

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से कार्तिक पूर्णिमा को निकाली गई नर्मदा पंचकोशी जन जागरण परिक्रमा पर आधारित फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन 14 दिसंबर मंगलवार को होगा द्य रानी दुर्गावती कला वीथिका भंवर ताल में इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रात: 11:00 बजे संत महात्माओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मौजूदगी में होगा द्य आयोजन समिति के अनुसार प्रतिभागी, प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता हेतु फोटो 5 दिसंबर तक जमुना सभागृह राइट डाउन अथवा रूप स्टूडियो चौथा पुल में जमा कर सकते हैं

# जबलपुर मंडल के 11 स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की दर घटी




जबलपुर। जबलपुर रेल मंडल के 11 स्टेशनों पर रेलवे द्वारा प्लेटफॉर्म टिकट की दर में कमी की गई है। मंडल के 11 प्रमुख स्टेशनों में पूर्व में प्लेटफार्म की टिकट ?20 प्रति यात्री थी जिसे घटाकर अब मंडल ने 10 प्रति यात्री कर दिया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्वरंजन ने बताया कि मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा, दमोह तथा सागर स्टेशनों पर पूर्व में प्लेटफॉर्म टिकट 20 प्रति यात्री की जगह कम करके दस रुपए प्रति यात्री कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मंडल के उक्त स्टेशनों पर पूर्व में 20 प्रति यात्री प्लेटफार्म टिकट का विक्रय किया जाता था। इसके साथ ही मंडल के उक्त स्टेशनों के अतिरिक्त शेष स्टेशनों पर पूर्व की भांति 10 की ही प्लेटफार्म टिकट रहेगी।

# संभागीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शानदार आगाज



**जबलपुर।** म.प्र. बालेटबाल संघ के निर्देशानुसार जबलपुर संभागीय बास्केटबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन जबलपुर आर्डनेन्स फैक्ट्रीज (जॉफ) बास्केटबाल संघ के तत्वावधान में रामपुर सेठीनगर स्थित युवा भवन (खेल एवं युवा कल्याण विभाग खेल प्रांगण) के इनडोर बास्केटबल कोर्ट में किया जा रहा है। जॉफ के सचिव वलदेवराज धूपड़ ने बताया कि लीग कम नक आउट पद्धति पर आधारित इस प्रतियोगिता में की में पुरुष नगर की जबलपुर कारपोरेशन, नवलपुर जिला, सॉई जबलपुर मे जरूर जॉफ जबलपुर के अलावा छिंदवाड़ा जिला तथा महिला वर्ग में भेजवान जॉफ जबलपुर, साई जवलपुर, नरसिंहपुर जिला एवं जबलपुर की कारपोरेशन की टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता के शुभारम्भ दिवस पर पुरुष वर्ग का पहला मैच स्थानीय जबलपुर जिला एवं छिंदवाड़ा जिला की के मध्य खोला गया। मैच शुरू होने के पहले बास्केटबाल के भूतपूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अमरजीत सिंह ने एलिक्सजेन्डर जोलफ अतिविदय से दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय कराया गया। आज खेले गये मैयों के परिणाम इस प्रकार रहे- पुरुष वर्ग - जबलपुर जिला विजयी विरुद्ध छिदवाड़ा जिला स्कोर 58-48 महिला वर्ग - सॉ एसटी सी, जबलपुर विजयी विरुद्ध नरसिंह पुर- 69-02, जबलपुर कारपोरेशन वि0वि0 जॉफ जबलपुर 75 ना, पुरुष वर्ग- जबलपुर कारपोरेशन वि0वि0 छिंदवाड़ा 65-15 महिला वर्ग- जॉफ जबलपुर वि0वि0 नरसिंहपुर 28-10 आज खेले गये मैचों में निर्णायकों का दायित्व विप्लव बाबू, संजीव ओझा, मोहम्मद अफजाल, राकेश मिश्रा, अतुलगेबियल, प्रफुल्ल रायकवार, जगजीत सिंह, मेघा राय, श्रेया तिवारी, हरिकेश सिंह, ने निवाला ।

# एम्पलाई कोड जारी न होने से कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर अध्यापक


## सैंकडों अध्यापक को नहीं मिल रहे भत्ते




जबलपुर । म 0 प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शिक्षक - अध्यापक प्रकोष्ठ ने आरोप लगाया कि एम्पलाई कोड जारी न होने से अध्यापक कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया की वर्षों के संघर्ष के बाद अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों को दिनांक 01.07.2018 राज्य शासन का कर्मचारी मानते हुए उन्हें समान सुविधायें एवं भत्ते मिल रहे हैं । किन्तु शिक्षा विभाग की अंधेरगर्दी के चलते सैंकडों प्राथमिक , माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के आई.एफ. एम.आई.एस से एम्पलाई कोड जारी नहीं हो पाये हैं , जिससे ऐसे अध्यापकों को मकान भाडा भत्ता नहीं मिला और न ही उनकी बीमा कटौती हो रही है । ऐसे पीडित अध्यापक अपना एम्पलाई कोड जारी कराने के लिए दो वर्षों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं , जिम्मेदार अधिकारियों से मिलने के बाद भी उनकी समस्यायें यथावत हैं । बीमा की कटौती न होने से अध्यापक सवंग के कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को किसी प्रकार की कोई नहीं मिल पाती है । संघ के मुकेश सिंह , योगेन्द्र मिश्रा , शुभसंदेश सिंगौर , अनुज दीक्षित , नितिन अग्रवाल , गगन चौबे , राकेश उपाध्याय , संजय श्रीवास्तव , विजय तिवारी , मनोज सेन राकेश दुबे , गणेश उपाध्याय , जे . पी . गुप्ता , श्यामनारायण तिवारी , राकेश पाण्डेद्व अभिषेक मिश्रा , मनीष लोहिया , मनीष शुक्ला , विनय नामदेव , पवन ताम्रकार , आदित्य दीक्षित , मो 0 तारिख , धीरेन्द्र सोनी , संतोष तिवारी , रमेश परोहार , अनुराग मिश्रा संतकुमार कावेरिया , विष्णु पाण्डे , अनिल मरावी , हल्के यादव , कन्हैया पटैल , राजू यादव आदि ने शिक्षा मंत्री म.प्र . शासन को ई - मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित कर मांग की है कि अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों के शीघ्र एम्पलाई कोड जारी करने के निर्देश दिये जायें ।

## जनेकृविवि के वैज्ञानिक सिखा रहे मोती की खेती के गुर

# देश विदेश में चमकेंगे मध्यप्रदेश के मोती





## कम लागत: कम श्रम में मोटी कमाई- डॉ. बिसेन

**जबलपुर** । अब मध्यप्रदेश में भी मोती की खेती करना आसान हो जायेगा। इसके लिये जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के छिन्दवाड़ा कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रषिक्षण केन्द्र खोला गया है। कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने यहां केन्द्र का दौरा किया और मोती पर हो रहे अनुसंधान और प्रषिक्षण का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये। डॉ. बिसेन ने बताया कि मोती की खेती कम लागत और कम श्रम में अधिक कमाई वाली खेती है। उन्होंने यहां कृषि ओपीडी एवं पोषण वाटिका का उद्घाटन भी किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेन्द्र पन्नासे ने बताया कि यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली की आदिवासी उपयोजना है। अब तक पंजाब, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेष सहित देष के 200 से अधिक किसानों को मोती की खेती के लिये प्रषिक्षित किया गया है। कृषि एक्सपर्ट एवं कार्यक्रम सहायक श्रीमति चंचल भार्गव ने बताया की प्रति हेक्टेयर 20 से 30 हजार सीप की दर से इनका पालन किया जा सकता है। 10 वर्गफीट के तालाब में घर में भी इसकी खेती संभव है। इसे सीखने के लिये 2 दिन का प्रषिक्षण पर्याप्त है। आज कल मोती की खेती चलन तेजी से बढ़ रहा है। देष के कुछ ही हिस्सों में इसका प्रषिक्षण दिया जा रहा है। छिन्दवाड़ा कृषि विज्ञान केन्द्र प्रदेष का एकमात्र मोती प्रषिक्षण केन्द्र है।

क्या है खास- खेती शुरू करने के लिए किसान को पहले तालाब, नदी आदि से सीपों को इकट्ठा करना होता है या फ़िर इन्हें खरीदा भी जा सकता है। इसके बाद प्रत्येक सीप में छोटी-सी शल्य क्रिया के बाद इसके भीतर चार से छह मिमी व्यास वाले साधारण गोल या डिजायनदार बीड जैसे गणेश, बुद्ध, पुष्प आकृति आदि डाले जाते हैं। फिर सीप को बंद किया जाता है। इन सीपों को नायलॉन बैग में 2 दिनों तक एंटी-बायोटिक और प्राकृतिक चारे पर रखा जाता है। रोजाना इनका निरीक्षण किया जाता है और मृत सीपों को हटा लिया जाता है। इन सीपों को तालाबों में डाल दिया जाता है। इसके लिए इन्हें नायलॉन बैगों में रखकर (दो सीप प्रति बैग) बांस के सहारे लटका दिया जाता है और तालाब में एक मीटर की गहराई पर छोड़ दिया जाता है। अन्दर से निकलने वाला पदार्थ बीड के चारों ओर जमने लगता है जो अन्त में मोती का रूप लेता है। लगभग 12-15 माह बाद सीप को चीरकर मोती निकाल लिया जाता है।

आजकल डिजायनर मोतियों को पसन्द किया जा रहा है जिनकी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। भारतीय बाजार की अपेक्षा विदेशी बाजार में मोतियों का निर्यात कर काफ़ी अच्छा पैसा कमाया जा सकता है। सीप से मोती निकाल लेने के बाद सीप को भी बाजार में बेचा जा सकता है। सीप द्वारा कई सजावटी सामान तैयार किये जाते है। सीपों से कन्नौज में इत्र का तेल निकालने का काम भी बड़े पैमाने पर किया जाता है। मृत सीपों का चूरा बनाकर कुक्कुट को देने से कैल्षियम की पूर्ति होती है। मोती धारण करने से गुस्से पर काबू रख सकने के साथ सर्दी जुकाम से भी राहत मिलती है।

# डेली वेज पर लगे ऑपरेटर मानदेय से वंचित

जबलपुर। वैक्सीनेशन अभियान में लगे एएनएम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर महीनों से मानदेय से वंचित हैं। मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वैक्सीनेशन अभियान में लगे सैकड़ों कर्मचारी जो कि डेली वेज में लगे हैं किंतु शासन द्वारा इन्हें महीनों से वेतन मान नहीं दिया गया है जबकि इस महंगाई के दौर मे इस आपदा प्रबंधन की ड्यूटी कर रहे इन डेली वेज़ कर्मचारियों को प्रति माह समय पर मानदेय का भुगतान किया जाना चाहिए। परंतु सुबह 9ः00 से 5ः00 बजे तक अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करने वाले इन डेली बेसिस कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति गड़बड़ाई हुई है, क्योंकि यह डेली बेसिस कर्मचारी अपनी प्रतिदिन की आय पर ही निर्भर होते हैं देखा जा रहा है कि इनको पिछले दो-तीन माह से मानदेय नहीं मिल पाया है जिस वजह से यह मानसिक रूप से परेशान हैं हैरान हैं कि आखिर इतनी कठिन परिस्थितियों में भी अपनी सेवा देने के बावजूद उन्हें उनका मानदेय समय पर नहीं दिया जा रहा है । संघ ने आगे बताया बताया कि सुबह 9ः00 बजे से लेकर 5ः00 बजे तक अपनी सेवा वैक्सीनेशन सेंटर पर पूर्ण इमानदारी से देने के बावजूद इन कर्मचारियों के लिए ना तो किसी प्रकार की भोजन की व्यवस्था है ना ही किसी प्रकार से चाय नाश्ते की कोई व्यवस्था है, शासन प्रशासन द्वारा की जा रही है ऐसे में यह कर्मचारी दिन भर समस्याओं के होते हुए भी अपनी ड्यूटी पूरी इमानदारी से कर रहे हैं ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि उन्हें समय पर भोजन व्यवस्था और मानदेय दिया जाना चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, मीनू कांत शर्मा ,जिया उरहीम, स्टेनली नॉरबड, दिनेश गौड़, कैलाश शर्मा, ऋषि पाराशर, आसाराम झारिया, अनूप, धीरेंद्र, बैजनाथ यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, निरजन ओझा ,मुन्नालाल कतिया, विनोद सिंह ,गोपी साह, वसु मुद्दीन ,शरीफ अंसारी आदि ने जिला प्रशासन जबलपुर से मांग की है कि ऐसे डेली बेसिस पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को समय पर मानदेय का भुगतान किया जाए।



# एमएसपी पर धान की खरीदी

## किसानों को मिलेगा पैसा



जबलपुर। मध्य प्रदेश में किसानों के लिए बड़ी खबर सामने आई है, क्योंकि प्रदेश के किसानों का धान खरीदी का इंतजार खत्म हो गया है, 29 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो गई है, खरीफ फसलों के लिए धान और अन्य अनाजों का उपार्जन 29 नवंबर से 15 जनवरी 2022 तक किया जाएगा. प्रदेश में धान की खरीदी का एमएसपी मूल्य भी निर्धारित कर दिया गया है। धान खरीदी के लिए दो प्रकार के एमएसपी रेट तय किए गए हैं, ग्रेड ए धान 1960 रुपए और एफएक्यू धान 1940 रुपए में खरीदी जाएगी, बता दें कि प्रदेश में 9 लाख से ज्यादा किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है. इस बार प्रदेश में 35 लाख हेक्टेयर धान की बोवनी हुई है, जहां प्रदेश में 125 लाख टन से ज्यादा का उत्पादन किया गया है।

# थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान



जबलपुर। आज रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर क्वींस और हम फाउंडेशन संस्कृति द्वारा आर आर सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्वींस की फाउंडर प्रेजिडेंट प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया की आज ईडन किड्स केयर स्कूल शक्ति नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बड़ी संख्या में रक्तदाताओ ने रक्तदान किया ...इस पुण्य कार्य में रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर क्वींस ,हम फाउंडेशन -संस्कृति के सभी सदस्य और ईडन किड्स केयर स्कूल के समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा इस आयोजन में मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक की पूरी टीम को बहुत साधुवाद देते हुए क्लब की प्रेजिडेंट रत्ना जी ने बताया की इस शिविर में इकट्ठा किया गया रक्त थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चो और जरूरतमंदो को लगाया जाएगा और इस तरह के शिविर पीड़ित मानवता की सेवा का एक अच्छा जरिया है और सभी को धर्म और मजहब से ऊपर उठकर रक्तदान करना चाहिए ... अधिवक्ता निशिकांत जगदीश सरबजीत नारंग विकास शुक्ल अजय घोष डॉ अभिषेक श्रीवास्तव और डॉ संजय श्रीवास्तव की उल्लेखनीय उपस्थिति से आयोजन अच्छी तरह से संपन्न हुआ।

## 11-12 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकत करेंगे ख्यातिलब्ध चिकित्सक

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर शाखा के 100 वर्ष

**जबलपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर शाखा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 11 एवं 12 दिसंबर 2021 को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भाग लेने देश एवं प्रदेश से अनेक चिकित्सक सम्मिलित होंगे।**




प्रेस कॉन्फ्रेंस में जबलपुर आई एम ए शाखा के प्रेसिडेंट पवन स्थापक , आई एम ए शतक संगोष्ठी के चेयरमैन जितेंद्र जामदार सचिव संगीता श्रीवास्तव, डॉक्टर बृजेश चौधरी अभिजीत विश्नोई डॉक्टर अभिजीत मुखर्जी डॉक्टर राजीव सक्सेना डॉक्टर नचिकेत पांसे एवं अन्य चिकित्सक गण उपस्थित थे। डॉक्टर पवन स्थापक ने बताया कि दो दिवसीय इस संगोष्ठी में जहां मेडिकल साइंस में हो रहे नवीन प्रयोगों एव तकनीकों पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा साथ ही नए शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंग। संगोष्ठी के चेयरमैन डॉ जितेंद्र जामदार एवं संगोष्ठी सचिव डॉ संगीता श्रीवास्तव ने आजकल के परिदृश्य में इस संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि 1921 में जबलपुर की जबलपुर के 7 डॉक्टर के द्वारा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की शुरुआत हुई थी जबकि राष्ट्रीय इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की शुरुआत उसके साथ बात 1928 में हुई थी इस संगोष्ठी का सफल आयोजन जबलपुर के उन 7 नवरत्न डॉक्टरों के लिए भी सच्ची श्रद्धांजलि होगी डॉ परिमल स्वामी एवं डॉ वीरेंद्र भारद्वाज ने दो दिवसीय कांफ्रेंस के वैज्ञानिक पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन डॉ अमरेंद्र पांडे ने किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सचिव डॉ रूप मांडवे ने किया ।

# छिंदवाड़ा को मिली 67 रन की बढ़त



जबलपुर । संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नीमखेड़ा मैदान में आयोजित अंतर जिला अण्डर 13 क्रिकेट आयोजित की जा रही जूनियर तथा अलताफ, सत्यम, अजय शर्मा, प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा ने नरसिंहपुर के खिलाफ पहली पारी सीनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता सौरभ शर्मा, सौरभ स्वामी, सीनियर में 67 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। नरसिंहपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 75 रन बनाए। यशोधन ने 25 रन का योगदान दिया। छिंदवाड़ा की ओर से एरिक चौहान ने 5 विकेट लिए। जवाब में छिंदवाड़ा जिले ने पहली पारी में 142 रन बनाकर 67 रनों की बढ़त हासिल की। हर्ष सूचक ने 43 व युवराज 24 रन बनाए। नरसिंहपुर की ओर से यशोधन दुबे ने 7 विकेट लिए। पहले दिन का खेल खत्म होने तक नरसिंहपुर ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर रन बना लिए थे।

# कलेक्टर की मदद से मेरे बेटे को मिला नया जीवन: कमलेश साहू



## कल होगा अस्पताल से डिस्चार्ज और गुरूवार को जबलपुर आएगा शानू



**जबलपुर। प्रभावशाली व्यक्तित्व और वाणी माधुर्य...विनम्रता,निपुणता, की मिलनसारिता और परोपकारिता ये वो गुण हैं जो किसी व्यक्ति को विशेष बनाते हैं लेकिन ये हर किसी के अंदर नहीं पाये जाते हैं, लेकिन जिस किसी व्यक्ति के अंदर ये सारे गुण होते हैं वो व्यक्ति अद्भभुत होता है ऐसे ही हैं हमारे जिले के कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा जी जिन्होने मुझ गरीब के पुत्र का इलाज करवाकर उसकी जान बचाई है...**

ये कहना है मदन महल निवासी कमलेश साहू का* उन्होने आगे मैसेज में कहा कि कलेक्टर सर जी ने जो मेरी मदद की है मैं और मेरा परिवार आजीवन आभारी रहेगा उन्होंने बताया कि कल मुंबई हॉस्पिटल से बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया जावेगा मै गुरूवार को जबलपुर आकर सबसे पहले मैं कलेक्टर साहब का आशीर्वाद लूंगा इसके उपरांत मैं मंदिर जाऊंगा ।

जैसा विदित है कि मदन महल निवासी कमलेश साहू की पत्नि ने 13 नवंबर 2021को एक निजी अस्पताल में बेटा शानू को जन्म दिया था। किन्तु कुछ ही देर पश्चात डॉ ने बताया कि नवजात शिशु हृदय रोग (दिल में सुराख) से पी?त है। यह जानकारी होने पर पूरा परिवार सदमे में आ गया। उनकी खुशियों पर वज्रपात सा हो गया। निराशा से उम्मीद खो चुके कमलेश साहू को किसी ने बताया कि कलेक्टर साहब लाचार और गरीबों की मदद करते हैं, बस उन्हें सूचित करने की देर है तत्पश्चात बेटे के उपचार को लेकर कमलेश ने केयर बायं कलेक्टर में मैसेज किया कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सहृदयता दिखाते हुए 2 घंटे के भीतर शिशु को उपचार के लिए मुंबई शासकीय व्यय पर इलाज के लिये मुंबई भेजा साथ ही जबलपुर से मुंबई जाने हेतु एंबुलेंस का किराया 45000 रु देकर बॉम्बे भेजा था।

### दुआ में बहुत बड़ी शक्ति होती है

*जिस दिन बच्चे का ऑपरेशन था उस दिन हिंदू हो या मुस्लिम, सिख हो या इसाई सभी ने फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से चार लाख से अधिक लोगों ने शानू के जीवन को बचाने एवं सलामती की दुआएं की थी। जिसका ये असर यह हुआ कि ईश्वर ने लाखों लोगों की दुआ कबूल करते हुए शानू को नवजीवन प्रदान किया।*

## निगमीकरण बना कर्मचारियों की परेशानियों का सबब

# जीआईएफ में फार्मासिस्ट में कटौती कर दी

**जबलपुर,यशभारत ।** आयुध निर्माणियों का निगमीकरण कर्मचारियों के लिए परेशानियों का सबब बन गया है।कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं जैसे बिलों का भुगतान स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह लड़खड़ाने लगी है।इसका नजारा जी आई आई एफ मे मिला।जहां डिस्पेंसरी मे तैनात तीन फर्मासिस्ट मे से व्हीकल फैक्ट्री अस्पताल के सी एम ओ ने कटौती कर सिर्फ एक को तैनात किया है। जबकि आयुध निदेशालय से स्पष्ट आदेश है कि डिस्पेंसरी और अस्पतालों की व्यवस्था में किसी प्रकार की कटौती न की जाए।सोमवार को हालात यह था कि डाक्टर को स्वयं आकर डिस्पेंसरी का ताला खोलना पड़ा। उल्लेखनीय है कि निगमीकरण के बाद फैक्ट्रियों की डिस्पेंसरी और अस्पताल अब उनसे अलग होकर आयुध निदेशालय का हिस्सा हो गए हैं।अब फैक्ट्री प्रबंधन का अस्पताल पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।अस्पतालों के सी एम ओ आयुध निदेशालय के तहत अस्पताल प्रमुख हैं।अभी तक जी आई एफ मे कर्मचारियों को दवा आदि देने के लिए तीन फर्मासिस्ट थे जिन्हें सोमवार को व्हीकल अस्पताल के सी एम ओ ने वापिस बुला था।बाद में अब आज मंगलवार से एक फर्मासिस्ट की तैनाती की गई है।इस संबंध में व्ही एफ जे अस्पताल के सी एम ओ डा.राय ने कहा कि किसी प्रकार की स्टाफ कटौती नहीं की गई।लेकिन वास्तविकता यह है कि जी आई एफ के तीन मे से दो फर्मासिस्ट को व्ही एफ जे अस्पताल में रोक कर मात्र एक फर्मासिस्ट को जी आई एफ मे तैनात किया गया है।

## पनागर में 14 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी

### आठवीं कक्षा में करती थी पढ़ाई, दुपट्टे से बनाया मौत का फंदा

जबलपुर, यशभारत। पनागर थाना के अंतर्गत ग्राम सुहजना में 14 वर्षीय किशोरी ने दुपट्टे से मौत का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किशोरी कक्षा आठवीं में पढ़ती थी। जिस वक्त यह घटना हुई परिजन बाहर गए हुए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि ग्राम सुहजना में किशोरी द्वारा फांसी लगाने की जांच की जा रही है। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि किशोरी के पेट में दर्द रहता था, जिसके बाद ही उसने यह कदम उठाया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जेल में परिरूद्ध विकलांग बंदियों के कृत्रिम अंग के लिए चिन्हांकन शिविर




जबलपुर। केन्द्रीय जेल जबलपुर के सुभाष सभा भवन में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को सहायक उत्पादन केन्द्र जबलपुर द्वारा जेल के विकलांग बंदियों के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती माता के समक्ष अतिथियां के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर एवं जेल के आरकेष्ट्रा के बंदियों द्वारा सरस्वती की वंदना के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जेल में परिरूद्ध जिन बंदियों को कृत्रिम अंग की आवश्यकता है उन्हे चिन्हांकन किया गया। शिविर में उपस्थित सभी बंदियों का शारीरिक परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा किया गया । उक्त शिविर में जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर एवं विक्टोरिया अस्पताल जबलपुर के प्रशासनिक अधिकारी सुश्री हेमा साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ शलम अग्रवाल, नेत्र सहायक रवी सोनी, डॉ0 स्मृति मलिक एलिम्को, आडियोलाजिस्ट सुश्री पूर्णिमा पटेल एवं स्टॉफ द्वारा जेल के विकलांग वाकर ,छड़ी आदि उपकणों के बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जेल के बंदियों को शासन की एडिय एवं वयोश्री योजना के द्वारा करने हेतु शिविर में उपस्थित सभी बंदियों का शारीरिक परीक्षण एलिम्को के विषय विशेषज्ञों के द्वारा कराया गया ।

# प्राकृतिक आपदा से निपटने मॉकड्रिल

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट एवं गाइड, राज्य मुख्यालय, जबलपुर द्वारा 26 से 28 नवंबर तक जिला स्काउट डेन, जबलपुर में *तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन कोर्स सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। कोर्स में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों से लगभग 70 स्काउट-गाइड कैडटों ने भाग लिया। कोर्स का शुभारंभ स्काउट ध्वजारोहण के साथ हुआ पहले दिन आपदा प्रबंधन के अंतर्गत केन्द्रीय चिकित्सालय, पमरे के मुख्य.फार्मासिस्ट जयराम सिंह द्वारा फर्स्टएड अंतर्गत सीपीआर, विभिन्न प्रकार के घावों एवं फ्रैक्चरों पर पट्टीयां लगाने, झोली बनाने, हेड बैंडेज, आर्म बैंडेज इत्यादि के साथ अन्य जानकारियां दी गयी। कोर्स के स्टेट डिसास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स टीम द्वारा मॉकड्रिल का प्रदर्शन कर भूकंप जैसे प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन के तरीको को विस्तार से बताया गया। रेस्क्यू में उपयोग आने वाली विभन्न अत्याधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी गई। इसके अतिरिक्त कोर्स में नवनीत राज, वरि.मंडल परिचालन, सुवीर श्रीवास्तव, राज्य सचिव एवं उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं सुधीर गुप्ता, सेफ्टी काउंसिलर द्वारा आपदा प्रबंधन, रेल दुर्घटना इत्यादि में स्काउट-गाइड की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया तथा बताया गया कि आपदा प्रबंधन में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिये।



### इनकी रही अहम भूमिका

इस कोर्स को सफल बनाने के लिए स्टेट चीफ कमिशनर विजय कुमार गुप्ता, वरि.उप महाप्रबंधक के निर्देशन में राज्य सचिव सुवीर श्रीवास्तव, राज्य संगठन आयुक्त/स्काउट अशोक कुमार चौबे, राज्य संगठन आयुक्त/गाइड सुश्री बेवर्ली नोरोन्हा, राज्य क्वार्टर मास्टर रंजन कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# मेडिकल सर्वेंट क्वॉटर के पास पटका बम

## पुलिस ने बदमाश को घेराबंदी कर दबोचा

**जबलपुर,यशभारत। गढ़ा थाना अंतर्गत एक बदमाश ने सोमवार की देर रात सड़क पर सुअरमार बम पटक दिया। मौके पर तेज धमाका हुआ तथा बम के अवशेष सड़क पर बिखर गए। घटना मेडिकल कालेज अस्पताल सर्वेंट क्वार्टर बड्डा दादा मैदान के समीप की है।**

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बड्डा दादा मैदान के पास सूपाताल निवासी आसू 20 वर्ष सुअरमार बम लेकर खड़ा है। वह किसी वारदात की फिराक में है तथा उसकी इस हरकत से मौके पर दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जहां आसू हाथ में बम लिए खड़ा था। पुलिस टीम को देखते ही उसने सड़क पर एक बम पटक दिया। भागने की कोशिश पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। सड़क पर बिखरे बम के अवशेष व आसू के पास दो सुअरमार बम जब्त किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

### गोरखपुर में दो कुख्यातों को दबोचा

जबलपुर, यशभारत। गारेखपुर पुलिस ने महिनों से फरार वारंटियों को दबोच लिया। जिनके खिलाफ अनेक धाराओं में अपराध दर्ज है। जानकारी अनुसार अनूप दास बैराग पिता भजन दास निवासी छोटी लाइन फाटक, सचिव वैन पिता शेषनारायण निवासी सेठी नगर पुलिस को महिनों से चकमा दे रहे थे। जिन्हें दबोच लिया गया है।

### पनागर में 14 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी

जबलपुर, यशभारत। पनागर थाना के अंतर्गत ग्राम सुहजना में 14 वर्षीय किशोरी ने दुपट्टे से मौत का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किशोरी कक्षा आठवीं में पढ़ती थी। जिस वक्त यह घटना हुई परिजन बाहर गए हुए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि ग्राम सुहजना में किशोरी द्वारा फांसी लगाने की जांच की जा रही है। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि किशोरी के पेट में दर्द रहता था, जिसके बाद ही उसने यह कदम उठाया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



**जबलपुर।** कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे विशेष

# वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने लोगों में दिख रहा उत्साह

अभियान के तहत आज सोमवार को भी लोगों में वैक्सीनेशन के प्रति उत्साह दिखाई दिया है। कोरोना का टीका लगवाने लोगों का टीकाकरण केंद्रों पर सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया था। इन्हीं में शामिल 72 वर्षीय महिला लक्ष्मी देवी ने धनी की कुटिया आधारताल के समीप स्थित यूरो किड्स स्कूल के टीकाकरण केंद्र पहुँचकर कोरोना की वैक्सीन लगवाई।विशेष अभियान में टीकाकरण केन्द्रों के अलावा मोबाइल टीमों द्वारा ड्यू लिस्ट के अनुसार दूसरी डोज से छूट गये व्यक्तियों को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर, खेत-खलिहानों तथा नदी एवं तालाबों के घाट जाकर भी टीका लगाया गया।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसएस दाहिया के अनुसार कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कल मंगलवार 30 नवम्बर को नियमित टीकाकरण का दिन निर्धारित होने की वजह से जबलपुर शहर एवं जिले के ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में लगाई जायेगी वैक्सीन।

# रेल यात्रा के दौरान यात्री इन नियमों का रखें विशेष ध्यान अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

## रेलवे चला रहा व्यापक जागरूकता अभियान



**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल में आग से होने वाली दुर्घटनाओं में कुछ दुर्घटनाएं रेलगाड़ी में धूम्रपान एवं ट्रेन में विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने के कारण हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु भारतीय रेल में संपूर्ण रेल प्रणाली में धूम्रपान ना करने तथा विस्फोटक एवं ज्वलनशील सामग्री ले जाने के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान के तहत लगातार काम कर रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के अंतर्गत सभी हितधारकों को जागरूक करने के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। हितधारकों में रेल का उपयोग करने वाले लोगों तथा पार्सल स्टाफ, लीज होल्डर और उनके स्टाफ, पार्सल पोर्टर, कैटरिंग स्टाफ तथा आउटसोर्स किए गए स्टाफ को स्टेशनों तथा रेलगा?यों में आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सावधानियों की जानकारी दी जा रही है।

*यात्रियों और जनता को किया जा रहा जागरूक*

प्रत्यक्ष संवाद, नुक्कड. नाटक, स्टेशनों पर सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन तथा सोशल मीडिया के माध्यम से धूम्रपान निषेध, रेल से ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध, एसएलआर/वीपीयू/लीज पार्सल की जांच आदि जैसे कदम उठाने के बारे में हितधारकों को जागरूक किया जा रहा है।

### इन स्टेशनों पर किए गए नुक्कड़ नाटक

पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न स्थानों (जबलपुर, भोपाल, कोटा, रानी कमलापति, होशंगाबाद, बीना, इटारसी, मदन महल, नरसिंहपुर, गाडरवारा, कटनी, कटनी मु?वारा, इटारसी, मैहर, सतना, सवाई माधोपुर, भरतपुर आदि स्टेशनों) में समय समय पर नुक्क? नाटक किए गए है। स्टेशनों पर इस संबंध में बार-बार लगातार उद्घोषणा की गई। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार कराया गया, सोशल मीडिया पर टिवीटर एवं फेसबुक के माध्यम से पोस्ट डाली गई।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा0प्र0क्र0/ 148/अ-6/2021-22

**//आम इश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश खुल्लर पिता स्व बलभद्रदास खुल्लर निवासी 27 ज्ञान विहार पोलीपाथर ग्वारीघाट जबलपुर द्वारा ग्राम तिलहरी पहनं 16 ख नं 112/2, व 113 में से रकबा 2925 वर्गफुट रजिस्टर्ड विक्रयपत्र, वसीयतनामा सहमति पत्र फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि आवेदक आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र 72 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 26/11/2021 को जारी

**जारी दिनांक 26/11/21**
**पेशी दिनांक 08/12/21**

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रांझी एवं कार्य पालिका दंडाधिकारी**
**जबलपुर**

# बरगी में घर छोड़कर गए पिता का ढाई महीने बाद मिला कंकाल

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी के सगड़ा में मिले नर कंकाल के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु की तो पता चला कि करीब ढाई महिने पहले वृद्ध घर से झगड़ा कर कहीं चला गया था, जिसने छाड़ियों के बीच पेड़ में फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने पूरे मामले को जांच में लिया है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी है। थाना बरगी अंतर्गत चैकी बरगी नगर में दीपक पटेल 28 वर्ष निवासी सगड़ा झपनी ने सूचना दी थी कि उसके पिता ओमकार उर्फ भूरा पटेल 54 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चले गये है । जिसके करीब ढाई महिना बीत जाने के बाद ग्राम सगड़ा में खेत की मेड़ मे लगे झाड़ पेड़ों के बीच नर कंकाल दिखा। जिसकी शिनाख्त ओंमकार उर्फ भूरा पटैल के रुप में हई। बेटे ने बताया था कि एक्सीडेण्ट होने से उसके पिता के चेहरे में प्लेट लगी थी। जो शव की शिनाख्तगी में अहम सुराग बना।

जूते-कपड़े से हुई पहचान

बेटे ने पुलिस को बताया कि जूत कपड़े, गमछा उसके पिता के है तथा कंकाल के चेहरे में प्लेट लगी थी । उक्त कंकाल उसके पिता ओमकार उर्फ भूरा पटैल 60 वर्ष का ही है। सम्भवत: उसके पिता ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पंचनामा कार्यवाही कर, कंकाल को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## पीएफ ऑफिस के एकाउंट अफसर से 50 हजार की धोखाधड़ी

जबलपुर, यशभारत। विजयनगर में भविष्य निधि कार्यालय में एकाउंट ऑफिसर से 50 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने टाटा स्काई कम्पनी का रिचार्ज किया था, लेकिन वह नहीं हुआ। जिसके बाद उसने गूगल पर सर्च कर कस्टमर केयर नंबर डायल कर लिया। जालसाज ने स्वयं को अधिकारी बता कर, एप डाउनलोड करवाए और दो किस्तों में पचास हजार रुपए एकाउंड से निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार श्याम लाल अखण्ड 51 वर्ष निवासी विजयनगर ने पुलिस को बताया कि वह भविष्य निधि कार्यालय विजयनगर में एकाउंट आफिसर के पद पर पदस्थ है । उसके घर में लगे टाटा स्काई की रिचार्ज अवधि समाप्त हो जाने से 19 अगस्त 21 को पेटीएम के माध्यम से 100 रूपये का रिचार्ज किया था। रिचार्ज करने पर शाम 6 बजे तक रिचार्ज न होने से उसके द्वारा मोबाइल से गूगल सर्च के माध्यम से टाटा स्काई कस्टमर केयर का नम्बर सर्च कर मोबाइल नम्बर पर फोन किया तो फोन पर बात नहीं हुई ।

### एप करवाए डाउनलोड

इसके बाद उसी नम्बर पर व्हाट्सएप किया कि मेरे द्वारा टाटा स्काई बाक्स एक्टिवेट नहीं हआ है चालू करें। इसके बाद मेरे पीड़ित को एक मोबाइल नम्बर से कॉल आया और स्वयं को टाटा स्काई कम्पनी का कर्मचारी बताते हुये उसे पहले एप्स डाउनलोड कराया। इसके बाद उसके पंजाब नेशनल बैंक के खाता से 25-25 हजार 2 बार में कुल 50 हजार रूपये धोखाधड़ी करते हुये निकाल लिया है। रिपोर्ट पर मोबाइल नम्बर धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# रोजगार कार्यालय में कैंपस ड्राइव

**जबलपुर ।** आत्म निर्भर मध्यप्रदेश के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय तथा यशस्वी ग्रुप द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं हेतु कैंपस ड्राईव का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कटंगा में 30 नवम्बर को किया गया है। कैपस ड्राईव में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ऑटो मोबाईल एवं फूड इंडस्ट्री पीथमपुर तथा रतलाम का कैंपस ड्राईव आयोजित किया गया है। ड्राईव में सम्मिलित होने हेतु योग्यता दसवीं, बारहवीं, बी.एस.सी., एम.एस.सी. तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले तथा 18 वर्ष से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। आवेदक प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक कटंगा स्थित जिला रोजगार कार्यालय चतुर्थ तल उद्योग भवन टी.वी.टावर के पास जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नवम्बर 7620603268 और दूरभाष नंबर 0761-4007028 पर संपर्क कर सकते हैं।




OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)M.P.P.G.C.L.;A.T.P.S.; CHACHAI
Phone 07659-263469; Email- sepnwatps21@gmail.com

No:-001-04/P&W/NIT/2192 **NOTICE INVITING TENDER** Chachai dtd. 24/11/2021

"Through E-tendering only"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/ supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai:-

| Tender ID. | Name of works/Material | Estimated cost (In Rs.) | Duration of work / Quantity / Period | Tender cost including GST | EMD Rs. | Last date of submission of tender | Due date of Technical opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021_MPPGC_165554 | Work contract for daily cleaning & removal of dust unloading of material from truck / trailor, proper stacking of the same in desired sheds and cleaning of total 16 Nos. sheds of store alongwith office shed at ATPS MPPGCL Chachai. | 20,67,348/- | As per schedule | 1000/- | 51,700/- | 21.12.21 Up to 15:00 HRS | 24.12.21 From 15:30 HRS onwards |
| 2021_MPPGC_167708 | Work contract for providing drivers & assistance for operation of 700 HP locomotive to transport coal and oil rack from sangma siding (for coal) to ATPS Thermal siding Amlai (for oil) at ATPS MPPGCL Chachai & vice versa as well as loco operation for shunting etc. inside power house alongwith deployment of one No. Semi-skilled man in last BGH wagon of coal rake to watch any mis-happening of BGH wagons in all three shifts during transport of coal from sangma siding to ATPS Chachai. | 38,22,296/- | As per schedule | 1000/- | 95,600/- | 14.12.21 Up to 15:00 HRS | 17.12.21 From 15:30 HRS onwards |
| 2021_MPPGC_169472 | Annual work contract for spraying weed killer solution in the complete 220 KV sub-station bay No. 1 to 21, 132/33 KV sub-station, 220 KV transformer yard & settling tank along with inside the boundary wall areas of ATPS Chachai. | 12,33,950/- | As per schedule | 1000/- | 30,800/- | 15.12.21 Up to 15:00 HRS | 17.12.21 From 15:30 HRS onwards |

Note: - For details please visit the website www.mptenders.gov.in. For any change in specification/technical data please visit regularly our website www.mptenders.gov.in. any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.

"SAVE ELECTRICITY"

SE (P&W)
ATPS MPPGCL Chachai



# यूजी-पीजी कोर्स में प्रवेश बंद, रिक्त सीटों का कालेजों को कल तक देना है ब्यौरा

**इंदौर।** प्रदेशभर के कालेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में आनलाइन व आफलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया खत्म हो गई है। अब कालेजों को रिक्त सीटों का ब्यौरा एक दिसंबर तक उच्च शिक्षा विभाग को देना है। साथ ही प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों का डाटा भी भेजना है, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार छात्रों की संख्या, मोबाइल नंबर, दस्तावेज की जानकारी शामिल है। उधर विश्वविद्यालय को छात्रों का डाटा मिलने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार ने संक्रमण को देखते हुए प्रवेश प्रक्रिया 30 नवंबर तक पूरी करने को कहा था। उसके आधार पर विभाग ने 29 नवंबर तक आनलाइन-आफलाइन काउंसलिंग चलाई है। अगस्त से नवंबर के बीच चल काउंसलिंग में छह चरण हुए है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के दायरे में आने वाले 220 कालेज में विद्यार्थियों को आनलाइन प्रवेश दिया है जबकि 40 अल्पसंख्यक कालेजों में छात्र-छात्राओं ने सीधे दाखिला लिया है। नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। सरकारी कालेजों में इस साल विद्यार्थियों ने खासी रुचि दिखाई है। यहीं वजह है कि इन कालेजों में ज्यादा प्रवेश हुए है। महज 6-8 प्रतिशत सीटें रिक्त है। निजी कालेज की स्थिति काफी अच्छी नहीं है। 18-22 प्रतिशत अलग-अलग कोर्स में सीटें खाली रह गई है। विभाग ने एक दिसंबर तक प्रवेश ले चुके विद्यार्थी और रिक्त सीटों का ब्यौरा मांगा है। यह जानकारी आनलाइन और आफलाइन प्रवेश देने वाले सभी कालेजों को देना अनिवार्य है।

# धर्मनगरी चित्रकूट में हिन्दुत्व के एजेंडे पर फोकस



**भोपाल।** धर्मनगरी चित्रकूट से संघ के एजेंडे को धार देने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। चित्रकूट में हिन्दू महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इसमें लव जिहाद,



## संत भी शामिल होंगे

जनसंख्या नियंत्रण कानून समेत 12 मुद्दों पर मंथन होगा। 15 दिसंबर को होने वाले इस महाकुंभ में संघ प्रमुख मोहन भागवत, श्री श्री रविशंकर, फ़िल्म अभिनेता एवं साहित्यकार आशुतोष राणा समेत कई हस्तियां शामिल होंगी। विजयराघवगढ़ के भाजपा विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को इस आयोजन का प्रधान सेवक बनाया गया है। उन्होंने रविवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। देश के विभिन्न मठ-मंदिरों, अखाड़ों के धर्माचार्यों, संत, महात्माओं को भी महाकुंभ में बुलाया जा रहा है। तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास (जय महाराज) ने बताया कि हिंदू महाकुंभ में अतिथियों को आमंत्रण देने के लिए लंबी सूची बनी है। देशभर में शहर और गांवों में जाकर आमंत्रण पहुंचाया जा रहा है।उनका उद्देश्य है कि इस आयोजन में हर हिंदू पहुंचे। फिलहाल कार्यक्रम में पांच लाख से अधिक की संख्या में हिंदुओं के शामिल होने की अपेक्षा की जा रही है।उन्होंने बताया कि हिंदू महाकुंभ में मंत्रणा के लिए 12 बिंदुओं का एजेंडा तय किया गया है। उन्होंने बताया कि संत अपनी इच्छाओं से सरकार को एक डॉक्यूमेंट के जरिए बताएंगे, ताकि सरकार उस पर अमल कर सके। बताया कि एजेंडे में मठ, मंदिर से लेकर कॉमन सिविल कोड तक है। उनके एजेंडे में सबसे पहले भगवान श्रीराम हैं।

## इन बिंदुओं पर होगा मंथन

भगवान श्री राम मंदिर निर्माण, मंदिरों से सरकारी नियंत्रण खत्म हो, धर्मांतरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, राष्ट्रवाद एवं समान नागरिक संहिता, लव जिहाद, भारतीय दर्शन आधारित शिक्षा, नशा मुक्ति, गोरक्षा, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन और मातृशक्ति वंदना, प्रचार के विभिन्न माध्यमों द्वारा हिंदू धर्म की अवहेलना एवं दुष्प्रचार, पर्यावरण। महाकुंभ में हर सेक्टर से जुड़े बड़े चेहरों को बुलाने के लिए आमंत्रण भेजा जा रहा है। काफी लोगों को आमंत्रण भेजा जा चुका है। इस कार्यक्रम में बालीवुड एक्टर से लेकर लोकगायक व ब्यूरोक्रेसी से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। यह सभी अपने-अपने क्षेत्र में हिंदुओं के प्रति चल रही विषमताओं पर मंथन करेंगे। महाकुंभ में चिदानंद मुनि, रामानुजाचार्य, कैलाशानंद गिरी महाराज आदि के भी शामिल होने की संभावना है। आशुतोष राणा, मनोज तिवारी भी आएंगे द्वतुलसीपीठ के उत्तराधिकारी ने बताया कि अभी तक फिल्मों में हिंदू धर्म को उपेक्षित किया जाता है। इसको देखते हुए फिल्म जगत से जुड़े लोग बुलाए जा रहे हैं। आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि हाल ही में बन रही आश्रम फिल्म में भी हिंदू धर्म को गलत तरीके से प्रदर्शित किया जा रहा है। ऐसे मामलों में उसकी वजह व समाधान पर मंथन होगा। कार्यक्रम में आशुतोष राणा, मनोज तिवारी समेत कई फिल्मी हस्तियां शामिल होंगी।

## श्रीराम की तपोभूमि में 15 दिसम्बर को हिन्दू एकता महाकुंभ

विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को बनाया गया आयोजन का प्रधान सेवक, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी होंगे शामिल, लव जिहाद,जनसंख्या नियंत्रण कानून समेत 12 मुद्दों पर होगा मंथन

## तैयारियों का लिया जायजा

चित्रकूट में हिन्दू महाकुंभ का आयोजन तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयोजन की जिम्मेदारी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को दी है। पाठक ने आयोजन स्थल पर टेंट,पंडाल, रहने और खाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालते हुए रविवार को स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब हो हिन्दू एकता महाकुंभ में 5 लाख लोग शामिल होंगे। महाकुंभ में पांच लाख हिंदुओं के जुटाने की तैयारी प्रारम्भ हो गई है। महाकुंभ के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत, योग गुरु बाबा रामदेव, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर प्रसाद, साध्वी ऋतंभरा, मनोज मुंतशिर, मालिनी अवस्थी, कुमार विश्वास के अलावा कई प्रखर वक्ताओं को आमंत्रण भेजा गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में शामिल होने की स्वीकृति दे दी है। भगवान श्रीराम की तपोभूमि धर्मनगरी में महाकुंभ आयोजन का उद्देश्य हिंदू एकता पर चिंतन करना है। महाकुंभ आयोजकों ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान, मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति के अलावा यूपी के सरकार के कई मंत्रियों को आमंत्रण भेजा है।

## दंत चिकित्सकों की कमी



**भोपाल ।** प्रदेश के जिला, सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दंत चिकित्सकों की कमी 2 महीने के भीतर दूर होने वाली है।

# जिला अस्पतालों और सिविल अस्पतालों में दूर होगी दंत चिकित्सकों की कमी

इन अस्पतालों में करीब 150 डॉक्टरों स्थापना की जाएगी। इसका फायदा यह भी होगा कि जिन अस्पतालों में एलोपैथी चिकित्सक नहीं है वहां इन डॉक्टरों की कमी भी दंत चिकित्सक दूर करेंगे। इनकी पदस्थापना का सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा की मुख के कैंसर की पहचान जल्दी हो सकेगी। अभी ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में दंत चिकित्सक नहीं होने की वजह से शुरुआती अवस्था में मुंह के कैंसर के मरीज पहचान में नहीं आते जबकि मध्यप्रदेश में मुख के कैंसर के सबसे ज्यादा रोगी हैं। इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट में यह सामने आ चुका है। प्रदेश के इंदौर स्थित एकमात्र सरकारी और निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों से इस साल पीजी डिग्री उत्तीर्ण करने वाले डाक्टरों को बंधपत्र की शर्तों के अनुसार एक साल के लिए सरकार द्वारा जरूरत के अनुसार चयनित अस्पतालों में पदस्थ किया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवारों को उनकी पसंद की जगह का विकल्प आनलाइन देने को कहा गया है। उम्मीदवारों को एक से पांच दिसंबर के बीच विकल्प देना है। उन्हें मेरिट के आधार विकल्प में दिए गए आधार पर पदस्थ किया जाएगा। अच्छी बात है कि पदस्थ किए जा रहे डॉक्टरों मैं दंत चिकित्सा के ही अलग-अलग विशेषज्ञता के डॉक्टर होंगे।

# राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी चैंपियनशिप में मप्र ने जीते 10 पदक

**भोपाल।** मेंगलुरु में आयोजित 17 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता में अंतिम दिन मय प्रदेश ने दो स्वर्ण, चार रजत व चार कांस्य पदक जीता। इसी के साथ मप्र ने इस प्रतियोगिता में 13 स्वर्ण, नौ रजत व 12 कांस्य पदक सहित मध्य प्रदेश ने कुल 34 पदक जीते। 200मी. फ्रीस्टाइल में डा. राकेश रायकवार और दिलीप जोशी ने अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। 200मीटर फ्रीस्टाइल के इवेंट में दीक्षा कुशवाह ने रजत, जगदीश दीक्षित ने रजत पदक जीते। कमलजीत कौर ने कांस्?य पदक जीता। 50 मीटर बटर फलाइ में केसी रायकवार, दिलीप जोश व पूर्णिमा जोशी ने कांस्य पदक जीते। 200मीटर फ्रीस्?टाइल में पूर्णिमा जोशी ने रजत पदक जीता।इसके अलावा 4 गुणा 40 मिटर रिले में दीक्षा कुशवाह, बबीता चोरे, आर्शी लम्भाते व पूर्णिमा जोशी ने कांस्?य पदक जीता।

# राजधानी जिले के गांवों में अब ई रिक्शा से उठेगा कचरा




## सेग्रेगेशन शेड एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर का किया गया लोकार्पण

**भोपाल।** गांवों में डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के लिए 10 ग्रामों को ई-रिक्शा की सुविधा प्रदाय की गई है। ग्रामों से निकलने वाले कचरे के बेहतर निपटान एवं प्रबंधन के लिए विकासखण्ड फंदा की 10 ग्राम पंचायतों तूमड़ा, सूखीसेवनिया, बालमपुर, खजूरी सड़क, कान्हासैया, कालापानी, मेण्डोरी, आदमपुर छावनी एवं मुंगालिया छाप के लिए ई-रिक्शा प्रदाय किया गया है, जिससे सफाईकर्मी डोर टू डोर कचरा कलेक्ट करेंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत, खजूरी सड़क में विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत, खजूरी सड़क, फंदाकलां एवं मुंगालिया छाप में सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं सेग्रेगेशन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत, मुंगालिया छाप, तूमड़ा एवं मेण्डोरी में सेग्रेगेशन शेड निर्माण का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत फंदा तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रधान सचिव सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ओमीक्रोन से सहमे अभिभावक बोले- नहीं पहुंचाना बच्चों को स्कूल

**भोपाल ।** कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आशंका तेज होने लगी है। अफ्रीकी वैरिएंट ओमीक्रोन से बचाव के लिए शासन प्रशासन ने सख्ती बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य शासन ने 100त्न क्षमता के साथ स्कूल खोलने के आदेश वापस लेते हुए पुन: 50त्न क्षमता के आदेश जारी कर दिए हैं। मगर सच्चाई यह है कि स्कूलों में 50 प्रतिशत विद्यार्थी भी नहीं पहुंच रहे। अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाना नहीं चाहते। वे कोई भी जोखिम लिए बिना आनलाइन क्लास के माध्यम से ही बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। वहीं स्कूल संचालक अब आनलाइन क्लास चलाने को लेकर मुश्किल जाहिर करने लगे हैं। चूंकि स्कूल संचालक फिजिकल क्लास न लगने के कारण फीस के लिए दबाव नहीं बना पा रहे, ऐसे में वे आनलाइन क्लास ठीक से नहीं चला रहे। उनका कहना है कि 50त्न क्षमता से क्लास और आनलाइन क्लास का दोहरा खर्चा होता है। ऐसे में वे चाहते हैं कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए स्कूल संचालित हों और विद्यार्थी स्कूल आकर ही पढ़ें। वहीं बाजारों में कोरोना गाइडलाइंस का बिल्कुल भी पालन नहीं हो रहा है। टोपी बाजार, सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट, गांधी मार्केट, सराफा, दौलतगंज, व बाड़ा स्थित सभी बाजार, दाल बाजार, लोहिया बाजार, हजीरा व मुरार कहीं भी लोग मास्क नहीं लगा रहे। दीनदयाल (डीडी) मॉल समेत अन्य शापिंग कांप्लेक्स में भी लोग केवल मास्क लगाकर प्रवेश करते है, अंदर जाते ही मास्क को निकाल देते हैं। सैनीटाइजर की व्यवस्था भी अब सभी जगह खत्म हो गई है। न ग्राहक और न हीं दुकानदार मास्क को लेकर जागरूकता दिखा रहे हैं। कैट व व्यापारी संगठन भी इस संदर्भ में कोई काम नहीं कर रहे हैं। हालांकि कोरोना की तीसरी लहर और तीसरी बार लाकडाउन की आशंका व्यापारियों को परेशान करने लगी है। इंडस्ट्रीज भी आशंका से घिर गई हैं, और वे प्रोडक्शन करने से कतराने लगी हैं।




# विवेक कुमार होंगे भोपाल रेल मंडल के नए सीनियर डीओएम

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल के नए वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सीनियर डीओएम। विवेक कुमार होंगे। वे मंगलवार शाम तक ज्वाइन कर सकते हैं। सोमवार ही उनका तबादला जबलपुर से भोपाल किया है। वे जबलपुर जोन मुख्यालय में सेवाएं दे रहे थे। विवेक कुमार 2005 बैच के आइआरटीएस अधिकारी हैं। इन्होंने परिचालन और वाणिज्य विभाग के परिष्ठ पदों पर सेवाएं दी हैं। डिप्टी डीओएम प्लानिंग बनाकर जबलपुर भेजा गया है। उनके स्थान पर विवेक कुमार को जिम्मेदारी दी है। वहीं डा आरएन मीना 2009 बैच के आरआरटीएस अधिकारी हैं।


## आरपीएफ अधिकारियों पर भी गिर सकती है तबादले की गाज

जोन में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ।आरपीएफ। के कुछ अधिकारियों पर भी तबादले की गाज गिर सकती है। इनमें जोन मुख्यालय के ही अधिकारी है। एक अधिकारी भोपाल रेल मंडल के भी बताए जा रहे हैं जो बीते दिनों विवाद को लेकर चर्चा में आए थे। हालांकि अभी इनका कार्याकाल पूरा नहीं हुआ है।

## जोन में अन्य अधिकारियों के भी हो सकते हैं तबादलें

पश्चिम मध्य रेलवे में 12 से अधिक अन्य अधिकारियों के भी तबादले हो सकते हैं। इनमें भोपाल, कोटा और जबलपुर रेल मंडल और जबलपुर जोन मुख्यालय के अधिकारी शामिल है। रेलवे सूत्रों की माने तो इनमें से ज्यादात अधिकारियों के कार्याकाल पूरे हो चुके हैं। तब भी इनका तबादला नहीं हुआ है। कुछ अधिकारियों को लेकर गंभीर शिकायतें हैं जिसके चलते उनका नाम तबादला सूची में शामिल किया गया है।

# भोपाल में कोरोना के15 मरीज मिले



**भोपाल।** भोपाल में कोरोना के पिछले एक हफ्ते से लगातार मरीज बढ़ रहे हैं। सोमवार को साढ़े चार हजार सैंपल की जांच में 15 मरीज मिले हैं। यह मरीज औचक तौर पर लिए सैंपल और फीवर क्लीनिकों में लिए गए सैंपल की जांच में मिले हैं। जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या अब 50 से ऊपर पहुंच गई है। रविवार को 47 मरीज थे। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सक्रिय मरीजों में कोई गंभीर नहीं है। इनमें करीब 10 मरीज ही अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। बाकी होम आइसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को आई रिपोर्ट में कुल 23 मरीज मिले हैं। इनमें 15 भोपाल के और बाकी दूसरे जिलों के हैं। भोपाल के मरीजों के संपर्क में आए लोगों की भी पहचान की जा रही है। उनके भी सैंपल लिए जाएंगे। भोपाल में मरीज बढ़ने की बड़ी वजह लोगों की लापरवाही है। धरना, प्रदर्शन समेत भीड़ वाले कई आयोजन हो रहे हैं, लेकिन लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं। जिले में मरीजों की संख्या ज्यादा होने की दूसरी वजह यह है कि कोरोना से ज्यादा प्रभावित राज्यों से सीधी ट्रेनें भोपाल आ रही हैं। इन राज्यों से संक्रमित होकर मरीज भोपाल पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग ने स्टेशनों और बस स्टैंड में आने वाले ज्यादा लोगों की जांच शुरू कर दी है। कोरोना की शुरू से यह ट्रेंड रही है। मरीज बढ़ने के बाद घटते हैं। इसके बाद फिर बढ़ते हैं। इसकी वजह यह कि जब मरीज कम होने लगते हैं तो लोग लापरवाह हो जाते हैं। वह मास्क लगाना बंद कर देते हैं। हाथ सैनिटाइज नहीं करते। इस कारण मरीज बढ़ते हैं। कोरोना के व्यवहार को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है। बार-बार वायरस में म्यूटेशन देखने को मिल रहा है, इसलिए बचने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। डा. लोकेन्द्र दवे, राज्य सलाहकार, कोविड-19

## भोपाल में एक हफ्ते में मिले मरीज

दिन (नवंबर में) - - मरीज
29--15
28--9
27--6
26--7
25--6
24--6
23--5

## प्रदेश में सवा पांच लाख लोगों को टीका लगा, इनमें भोपाल के 13 हजार

कोरोना के मरीज बढ़ने और ओमिक्रोन नामक नए वैरिएंट की दस्तक के बाद कोरोना से बचाव का टीका लगवाने वालों का आंकड़ा बढ़ रहा है। सोमवार को पूरे प्रदेश में पांच लाख 25 हजार लोगों ने टीका लगवाया। भोपाल में 13, 811 लोगों को टीका लगाया गया। भोपाल में 19 लाख 50 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था। इसमें अभी तक 20 लाख 37 हजार को पहली और 15 लाख 28 हजार को दोनों डोज लगी हैं। इस तरह भोपाल में पहली डोज लगवाने वालों का आंकड़ा 100 फीसद के ऊपर पहुंच गया है।




# व्यापारी के नौकर से ठगे 1.60 लाख, चेक जमा करने के बहाने ले गया नकद

**भोपाल ।** हनुमानगंज इलाके में शातिर जालसाज ने अनोखे तरीके से धोखाधड़ी की वारदात की। आरोपितों ने बैंक में व्यापारी के एक लाख 60 हजार रुपये जमा कराने आए नौकर को अपने झांसे में लिया और उसे एक चेक देकर कहा कि तुम्हारे मालिक ने कहा है कि तुम यह चेक तीसरी मंजिल पर जाकर जमा कर दो और यह नकदी हमें दे दो। नौकर उनकी बातों में आ गया और चेक लेकर तीसरी मंजिल पर देने चला गया और नकदी ठग को दे गया। बाद में जब वह वापस आया तो वह युवक गायब था। उसने अपने मालिक को पूरा घटनाक्रम बताया। व्यापारी ने करीब छह दिन बाद केस दर्ज कराया है। हनुमानगंज पुलिस के मुताबिक लोहा बाजार, कोतवाली में रहने वाले 52 वर्षीय मुकेश अग्रवाल कपड़ा व्यापारी हैं। राजेश कुमार उनका कर्मचारी है। व्यापारी ने राजेश को 23 नवंबर को हनुमानगंज स्थित निजी बैंक भेजा था। उसे एक लाख 60 हजार रुपए नकद जमा करने के लिए दिए थे। राजेश रुपये जमा करने के लिए लाइन में लगा था। इसी दौरान एक युवक उसके मालिक मुकेश का नाम लेते हुए आया और कहा कि तुम्हारे मालिक ने भेजा है। उसने एक चेक दिया और कहा कि तीसरी मंजिल पर जाकर चेक जमा कर दो और यह रुपये मुझे दे दो मैं जमा कर दूंगा। राजेश उसकी बातों में आ गया, उसने वैसा ही किया जैसा आरोपित ने कहा। बाद में जब राजेश को तीसरी मंजिल पर कोई नहीं मिला है तो वह नीचे आया, तब तक आरोपित बैंक से जा चुका था। उसने मालिक को पूरा घटनाक्रम बताया। बाद में मालिक ने पूरा घटनाक्रम अपने स्तर पर पता किया और एफआइआर दर्ज कराई है। फिलहाल आरोपित का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# पुलिसकर्मियों का सम्मान



**भोपाल ।** सन्त हिरदाराम नगर बैरागढ़ थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक बालिका के अपहरण की वारदात के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 3 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और बच्ची को भी सकुशल उसके कब्जे से छुड़ा लिया था। इस घटना में सहयोग देने वाले पुलिसकर्मियों का सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया ने मंगलवार को सम्मान किया। संस्कार स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने की। समारोह में एसडीओपी अंतिमा समाधिया, थाना प्रभारी बृजेश शर्मा, उप निरीक्षक एमएल सोलंकी उमाशंकर मिश्रा, सुश्री प्रियंका राय, सुरेंद्र सिंह क्यों हनुमानगंज थाने के प्रधान आरक्षक धूम सिंह राजपूत सहित सहयोग देने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान किया गया। समारोह में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, चंदू भाई ईसरानी एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल, बसन्त चेलानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे काउंसिल के अध्यक्ष राजेश बेलानी में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान करना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन रमेश जनयानी ने किया। गुलाब जेठानी ने आभार माना।

# एक चिकित्सक के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेंकटनगर, इलाज के लिए भटकते हैं मरीज



**दर्जनों गांव के मरीज व परिजन इलाज के लिए परेशान**

***वेंकटनगर / वेंकटनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्तमान में सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे संचालित हो रहा है। यह व्यवस्था पिछले कई वर्षों से बना हुआ है जिसमें कम चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे अस्पताल के साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।***

कहने को तो इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा प्राप्त है लेकिन यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तुलना में भी चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण विशेषज्ञ चिकित्सकों केसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वेंकटनगर का वीरान परिसर उपलब्ध नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को अस्वस्थ होने पर 25 किलोमीटर दूर जैतहरी स्वास्थ्य केंद्र तक जाना पड़ता है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेंकटनगर में महिला चिकित्सक के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव बना हुआ है। जिसके कारण लोगों को जैतहरी स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही निजी चिकित्सकों के पास इलाज के लिए जाना पड़ता है। चिकित्सालय में प्रतिदिन 30 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं इसके साथ ही लगभग 20 ग्राम पंचायतों के हजारों की आबादी इलाज के लिए इस चिकित्सालय पर निर्भर है।

### एक चिकित्सक पदस्थ होने से इलाज में होती है असुविधा

वर्तमान में यहां पर सिर्फ एक चिकित्सक पदस्थ है इसके साथ ही 4 स्टाफ नर्स एवं वार्ड बॉय के भरोसे ही ड्रेसर का काम संचालित हो रहा है। इसके साथ ही दो फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्नीशियन यहां पर है। एक चिकित्सक को ही यहां इलाज व्यवस्था के साथ ही पोस्टमार्टम एवं विभागीय कार्यों में लगाया जाता है। इससे रात के समय आपातकालीन सेवाओं में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए परिजन जिला अस्पताल या जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर दौड़ लगाते हैं।

**जबलपुर मंडल के 8 स्टेशनों पर कार्रवाई से हड़कंप**

## रेलवे अधिकारियों द्वारा स्टालों मैं खानपान की सामग्री की जांच का अभियान निरंतर जारी

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा खानपान स्टालो की जांच तथा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने का अभियान निरंतर जारी है। इस अभियान में रेलवे के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों तथा निरीक्षकों द्वारा सतत मंडल के सभी स्टेशनों पर खाद्य सामग्री के नमूनों की जांच उसकी क्वालिटी तथा सामग्री के मूल्य की जांच की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन के निर्देश पर किए जा रहे चलाए जा रहे अभियान के तीसरे दिन मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे के नेतृत्व में टीमों ने जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, सतना, दमोह, सागर आदि स्टेशनों पर रेलवे के लाइसेंसों के द्वारा खाद्य सामग्रियों की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने खाद्य सामग्री बेचने वाले को निर्देश दिया कि वे हमेशा उच्च गुणवत्ता की सामग्री उचित मूल्य पर ही रेल यात्रियों को बैंचे। इस मौके पर कैंटीन स्टाल के संचालकों तथा वेंडरों ने भी रेलवे क्यों आश्वस्त किया है कि वे रेलवे द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पूर्णता पालन करेंगे तथा जबलपुर मंडल को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री की पहचान बनाने का प्रयास करेंगे।

## वन विभाग की नाक के नीचे हरे भरे पेड़ों का कत्लेआम



**बरगी।** बरगी में हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने का मामला सामने आया है यूकेलिप्टस के लगभग दर्जनभर पेड़ों को काटा गया है बरगी के साली वाला कॉलोनी का मामला है जहां यूकेलिप्टस के हरे भरे एवं बड़े पेड़ों को काटकर गिरा दिया गया बरगी वन परीक्षेत्र कार्यालय से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर यह कार्य किया गया सिंचाई विभाग की कॉलोनी लगे हुए पेड़ों को वहीं आसपास के रहने वालों ने कुल्हाड़ी से काट दिया सिंचाई विभाग के कर्मचारी द्वारा बार-बार वन विभाग को सूचना दी गई परंतु वन विभाग का अमला नहीं पहुंचा वन विभाग के कर्मचारी सिंचाई विभाग एवं राजस्व का मामला कहकर पल्ला झाड़ते नजर आए सिंचाई विभाग द्वारा एक लिखित आवेदन वन परीक्षेत्र अधिकारी को सौंपा गया है जब इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी बरगी से बात की गई तो उनका कहना है कि वह सिंचाई विभाग की जगह का मामला है इसके बाद भी पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर उचित कार्यवाही की जाएगी परंतु सवाल यह है जब बरगी में वन परीक्षेत्र कार्यालय का मुख्यालय होने के बाद पूरा स्टाफ यहां होने के बाद दिनदहाड़े पेड़ों का कत्लेआम किया जा रहा है ऐसे में सुदूर इलाकों एवं घने जंगलों में पेड़ों की कटाई कहां तक रोकी जा सकती है क्या यहां भी वन विभाग हाथ पर हाथ धरे आंख मूंदे पेड़ों को कटने दे रहा है आखिर क्यों जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जनजागरण अभियान एवं कांग्रेस की सदस्यता अभियान चलाया




**पनागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बड़ती मूल्य वृद्धि के विरोध में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है इसी के अनुसार महाराजपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में वार्ड क्र.76 में रिछाई कांजीपुरम , सिद्धविनायक और मड़ई में पदयात्रा निकाल कर बड़ती मंहगाई के खिलाफ आंदोलन किया गया। अंत में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सम्मति सैनी जी ने संबोधित किया। और कांग्रेस की सदस्यता अभियान के तहत लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संगीता सिंह जी और ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश सोनी ने जनता को मंहगाई के बारे जागरूक किया ,बेलखाडु ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पटेल, मधुपाल सेंगर , रोहित सैनी, राजेश चौधरी, अतुल विश्वकर्मा, संजय यादव, रामकुमार यादव, एड.जितेंद्र सिंह, मोती गोंटिया, रमेश रजक, हुकुम चंद जैन, जित्तू गोंटिया, निकेश सोनी, ठकुराइन बाई (शिवराज अम्मा) , लेखराज गोंटिया, श्रीमती सुनीता सेंगर, निशा ठाकुर, श्रीमती मीरा, श्रीमती शशि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## प्रथम नगर आगमन पर लक्ष्मी का हुआ स्वागत



**बिजुरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के अनूपपुर जिला अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी चौधरी का दोबारा मनोनयन किया गया। उनके प्रथम नगर आगमन पर बिजुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत कियाद्य भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अजय शुक्ला ने कहा कि लक्ष्मी चौधरी कई वर्षों से भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही संगठन के कार्य में अपनी सहभागिता निभाईद्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश हाईकमान इनकी कर्मठता और समर्पण भाव के देखते हुए दोबारा जिले की कमान सौंपी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 पर आयोजित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता पर नगर पालिका पनागर ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



पनागर /आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नगर पालिका परिषद पनागर द्वारा जगमोहन वार्ड स्थित सरस्वती उ.मा. विद्यालय पनागर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 पर आयोजित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता पर नगर पालिका पनागर ने विद्यार्थियों को पुरुष्कृत किया जिसमे चित्रकला में प्रथम स्थान ओजस शर्मा,द्वितीय इराम खान,तृतीय यशी ताम्रकर एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वेदिका परोहा, द्वितीय पूनम, तृतीय अनामिका लखेरा एवं सरस्वती उ.मा.विद्यालय पनागर को श्रेष्ठ प्रदर्शन और सन्चिता गुप्ता को बेस्ट कोआर्डिनेटर के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा एवं स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर आनंद जैन (मिन्चु) के द्वारा पुरुष्कृत किया गया ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नारायण पटेल,सहायक यंत्री सुश्री नम्रता बरारे, शिवम जैन नोडल अधिकारी,अखिलेश सेन,मनु गौतम , रुपेश चौबे ,संतोष चौरसिया, दीपक राय विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र ङ्क छात्राएं उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का आगमन कल

**अनूपपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर का प्रथम नगर आगमन आगामी एक दिसंबर 2021 को हो रहा हैद्य उक्त आशय की जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के सह जिला मीडिया प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि जिला अध्यक्ष सर्वप्रथम अमरकंटक पहुंचेंगे जहां मां नर्मदा की पूजा-अर्चना करेंगे तत्पश्चात ग्रह ग्राम जैतहरी और इसके उपरांत अनूपपुर पहुंचेंगेद्य तिवारी ने समस्त युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के स्वागत में अपनी सहभागिता प्रदान करें।



## दियांग खेलकूद एव सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को प्रमाण पत्र बांटे

**कुंडम।** आज दिनांक 29/11/2021को जनपद शिक्षा केन्द्र कुंडम मे मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दियाँग खेलकूद एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा किया गया, बच्चों को प्रमाण पत्र, बैग पुरस्कार के रुप में दिया गया, इस कार्यक्रम में कमलेश साहू, झुन्नीलाल झारिया, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, सुरविंद यादव, रवि झारिया, जी आर झारिया बी आर सी कुंडम, अशोक प्रताप उरबेदी श्रवण सिंह मरावी , विनोद साहू, कुलदीप डहरिया श्रीमती ममता ठाकुर वी जी सी, सुश्री नेहा विश्वकर्मा एम आर सी, एवं जनपद शिक्षा केंद्र कुंडम के अधिकारीगण, कर्मचारी गणों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अब 6 दिसंबर से जर्मन तकनीकी से बने कोच के रैक से दौड़ेगी दयोदय एक्सप्रेस

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर से अजमेर के बीच चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 1181/82 आगामी 6 दिसंबर से एलएचबी कोचों के रैक से चला करेगी इस नए अत्याधुनिक कोचों के रैक से चलने पर इस गाड़ी की सुरक्षा तथा गति और बढ़ जाएगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर रेल मंडल द्वारा जबलपुर से अजमेर के बीच चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस गाड़ी जो अभी 24 कोचों से चलती है वह अब आगामी 6 दिसंबर से जर्मनी तकनीकी से निर्मित एलएचबी (लिंक हाफमन बुश) तकनीकी से बने कोचों से चलेगी। उन्होंने बताया कि ये नए कोच पुराने कोचों की अपेक्षा 1.7 मीटर अधिक लंबे हैं तथा इनमें यात्रियों के लिए सभी श्रेणियों में बर्थ भी सामान्य कोचों की तुलना में अधिक है, साथ ही इन कोचों के साथ ट्रेन को अधिकतम 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी चलाया जा सकता है। ये कोच सुरक्षा की दृष्टि से भी यह ज्यादा सुरक्षित हैं तथा किसी अप्रत्याशित दुर्घटना होने पर यह कोच, एक दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ते। नए रैक के इन कोचों में यात्रा करने पर यात्रा ज्यादा आरामदायक होती है क्योंकि इनमें जर्क नहीं लगता। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जबलपुर मंडल द्वारा अनेक मेल एक्सप्रेस गाड़ियों को इस तकनीकी से निर्मित कोचों से चलाया जा रहा है।

## एमबी पावर परित्यक्त खदान का पुनरुद्धार फ्लाई ऐश से करेगी

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर**



**भराव के बाद भूमि का इस्तेमाल चारागाह, हरित पट्टी विकास, खेल मैदान और अक्षय ऊर्जा स्रोत आदि के लिए किया जा सकेगा**

अनूपपुर। अपने अनूपपुर स्थित ताप विद्युत संयंत्र से निकलने वाले फ्लाई ऐश का सतत तरीके से 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड ने आज साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस एमओयू के तहत एमबी पावर ने मध्य प्रदेश के शहडोल जिला स्थित शारदा ओपन कास्ट माइन क्षेत्र की एक परित्यक्त खदान के भराव की जिम्मेवारी ली है। इस खाली खदान में भराव/एकत्रीकरण या इसका पुनरुद्धार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मार्च 2019 के दिशा-निर्देशों और एमपीपीसीबी के तय मानकों के अनुसार किया जाएगा। इस एमओयू पर आज मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) के क्षेत्रीय अधिकारी श्री संजीव मेहरा और एसईसीएल, सोहागपुर क्षेत्र के एरिया जनरल मैनेजर श्री शंकर नागाचारी की उपस्थिति में एसईसीएल के जीएम (एम)/ एसएएम श्री पी. श्रीकृष्णा और एमबी पावर के प्लांट हेड और सीओओ श्री बीके मिश्रा ने हस्ताक्षर किया।

इस एमओयू के तहत एसईसीएल ने एमबी पावर को फ्लाई ऐश से भराव के लिए इस परित्यक्त खदान की कुल 1.08 एमसीएम क्षमता का 0.92 एमसीएम हिस्सा आवंटित किया है।एमबी पावर और एसीसीएल को इस प्रगतिशील कदम के लिए बधाई देते हुए मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री संजीव मेहरा ने कहा, फ्लाई ऐश प्रबंधन की दिशा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। मध्य प्रदेश में यह पहला मौका है जब किसी खाली/ परित्यक्त खदान का इस्तेमाल फ्लाई ऐश से भराव के लिए किया जाएगा। इससे अव्यवस्थित तरीके से जहां-तहां फ्लाई ऐश डालने पर रोक लगेगी और साथ ही उपयोग के अयोग्य ऐसी जमीन को उपयोगी, पूर्णतया पुनर्वासित और मूल्यवान जमीन में परिवर्तित किया जा सकेगा।

संजीव मेहरा ने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि भविष्य में परित्यक्त खदानों के दूसरे स्वामी भी फ्लाई ऐश उत्पादकों को अपनी जमीन देंगे, जिससे फ्लाई ऐश का प्रबंधन और संचालन परिदृश्य सुधरेगा। परित्यक्त खदान को क्रमिक रूप से नीचे से ऊपर तक काम्पैक्टेड लेयर में भरा जाएगा जिससे खदान की मूल स्थलाकृति लौटाई जा सकेगी। एक बार जब इसकी संघनन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, इस जमीन का इस्तेमाल चारागाह, हरित पट्टी विकास, स्थानीय निवासियों के लिए खेल मैदान और अक्षय ऊर्जा स्रोत के विकास आदि के लिए किया जा सकेगा। एसईसीएल के एरिया जनरल मैनेजर श्री शंकर नागाचारी ने कहा, एमबी पावर के साथ इस समझौते से हम बेहद खुश हैं। पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के लिए सीआईसी कोयला खदानों में यह अपनी तरह की पहली पहल है। सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक (परिचालन) श्री अमित सक्सेना के विशेष योगदान और सहयोग के कारण एमओयू पर हस्ताक्षर संभव हो पाया है। यह ताप संयंत्रों को फ्लाइ ऐश का 100 फीसदी उपयोग सुनिश्चित करने में मदद देगा।

एमबी पावर के प्लांट हेड और सीओओ बीके मिश्रा ने कहा, यह फ्लाई ऐश का उपयुक्त इस्तेमाल सुनिश्चित करने की दिशा में? हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि और मील का पत्थर जैसा है। सतत विकास हमारे कारोबार का प्राथमिक विजन और लक्ष्य है। खदानों में फ्लाई ऐश का भराव इस सामग्री, जो कि कोयले का दहन उत्पाद है, के सर्वश्रेष्ठ उपयोगों में से एक है। कोयला खदान के नजदीक होना हमारे संयंत्र को ऐसी रणनीतिक बढ़त प्रदान करता है जो कि कई दूसरे विद्युत संयंत्रों को हासिल नहीं। यह एमबी पावर और एसईसीएल दोनों के लिए लाभदायी है। हाल ही में एमबी पावर ने एसीसी लिमिटेड के साथ उसके कटनी स्थित कैमोर सीमेंट संयंत्र को रेल के माध्यम से कंडीशन्ड फ्लाई ऐश की आपूर्ति के लिए हाथ मिलाए हैं। एसईसीएल के साथ एमओयू एमबी पावर की इस सशक्त प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है कि कंपनी कार्बन कटौती एवं देश के पर्यावरण व सततता के क्षेत्र में राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही है।

## फर्जी सिकमीनामा एवं रजिस्ट्रेशन से खप रही यूपी पंजाब की धान- दुबे

**जांच के लिए एसडीएम पांडे को सौपा ज्ञापन**



**सिहोरा ।** सिहोरा,यूपी पंजाब की धान की तथाकथित मंडी बन चुके ग्राम धनंगवा में गत 21 नवंबर को प्रशासन द्वारा संदेह के आधार पर जप्त की गई धान की निष्पक्ष जांच कराने की मांग पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की है। उल्लेखनीय है कि गत 21 नवंबर को पूर्व विधायक ने ग्राम धनंगवा में भाजपा नेता द्वारा पार्टी एवं सत्ता का दुरुपयोग करते हुए शासकीय गोदाम में अवैध रूप से अन्य प्रदेशों की धान के भंडारण की शिकायत की थी दुबे की शिकायत पर तहसीलदार सिहोरा ने जांच करते हुए संदेह के आधार पर धान जप्त कर गोदाम को सील कर दिया था अनुविभागीय अधिकारी ने भंडारण की निष्पक्ष जांच कराने 4 सदस्य समिति का गठन कर जांच के आदेश दिए थे।

### इन बिंदुओं पर हो जांच

दुबे ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाते हुए बताया कि फर्जी सिकमीनामा एवं रजिस्ट्रेशन से अन्य राज्यों की धान को मध्यप्रदेश में खपाया जा रहा है, क्षेत्र का भाजपा नेता अपने रसूख का इस्तेमाल कर किसानों के हक पर विगत कई वर्षों से डाका डाल रहा है उल्लेखनीय है की शासकीय गोदाम में भंडारित धान का मौके पर कोई रिकॉर्ड उपलब्ध ना होना अनेक प्रकार के संदेह को जन्म देता है।

भंडारण हेतु अनुपयुक्त कैसे हुई शासकीय गोदाम दिनारी खमरिया एवं धनंगवा में एक साथ बनी गोदाम मैं धनंगवा की गोदाम भंडारण हेतु अनुपयुक्त कैसे हो गई। और यदि अनुपयुक्त हो गई थी तो इसमें धान का भंडारण किस आधार पर किया गया। दुबे ने आरोप लगाया है की शासकीय गोदाम की आड़ में कालाबाजारी का घिनौना खेल कई सालों से चल रहा है तथाकथित व्यापारी शासन को करोड़ों का चूना लगाते हुए किसानों के हक पर लगातार डाका डाल रहा है अतः जप्त की गई धान की निष्पक्ष जांच करा कर राज सात की जाए। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे ।

## थाना गोटेगांव में 1किलो 200 ग्राम गांजा सहित दो आरोपी धराये

गोटेगांव--गोटेगांव नगर एवं आसपास के क्षेत्र सहित समूचे जिले में नरसिंहपुर जिला पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव जी के द्वारा जुआं, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब विक्रय और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु तथा गुंडों बदमाशों की धर पक? एवं अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर विपुल श्रीवास्तव द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित कर अभियान चलाया जा रहा है।इसी तारतम्य में गोटेगांव पुलिस को उस समय सफलता मिली जब विगत दिवस मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि दशरथ कुशवाहा और लालजी कुशवाहा दोनों निवासी श्रीनगर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का व्यापार संग्रहण करते हैं वह झोतेश्वर रोड बरगी नहर पुलिया बगासपुर के पास गांजा विक्रय करने की रात में खड़े हैं श्रीमान पुलिस अधीक्षक रिपोर्ट श्रीवास्तव नरसिंहपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील चौधरी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुरुषोत्तम मरावी गोटेगांव तथा थाना प्रभारी गोटेगांव कमलेश चौरिया, के निर्देशन में उपनिरीक्षक थाना गोटेगांव विजय धुर्वे आरक्षक 340 चंद्रप्रकाश पटले, आरक्षक 506 चन्द्रिका,आरक्षक 130 योगेंद्र ने मय गवाहों के सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई दशरथ पिता बेनी प्रसाद उम्र 59 वर्ष लालजी कुशवाहा पिता गणेश प्रसाद कुशवाहा उम्र 37 वर्ष दोनों निवासी श्रीनगर गोटेगांव के पुलिस स्टाफ को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिनकी एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के तहत तलाशी ली गई इनके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती ?12000 जप्त किया गया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## सैंकडों अध्यापक को नहीं मिल रहे भत्ते

**कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर**

**सिहोरा।** म. प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शिक्षक-अध्यापक प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने जारी विज्ञप्ति में बताया की वर्षों के संघर्ष के बाद अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों को दिनांक 01.07.2018 राज्य शासन का कर्मचारी मानते हुए उन्हें समान सुविधायें एवं भत्ते मिल रहे हैं । किन्तु शिक्षा विभाग की अंधेरगर्दी के चलते सैंकडों प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के आई.एफ.एम.आई.एस से एम्पलाई कोड जारी नहीं हो पाये हैं जिससे ऐसे अध्यापकों को मकान भाडा भत्ता नहीं मिला और न ही उनकी बीमा कटौती हो रही है । ऐसे पीडित अध्यापक अपना एम्पलाई कोड जारी कराने के लिए दो वर्षों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं जिम्मेदार अधिकारियों से मिलने के बाद भी उनकी समस्यायें यथावत हैं । बीमा की कटौती न होने से अध्यापक सवंग के कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पाता है। संघ के मुकेश सिंह,योगेन्द्र मिश्रा,शुभसंदेश सिंगौर,अनुज दीक्षित,नितिन अग्रवाल,गगन चौबे,राकेश उपाध्याय,संजय श्रीवास्तव,विजय तिवारी,मनोज सेन राकेश दुबे,गणेश उपाध्याय,जेपी गुप्ता,श्यामनारायण तिवारी,राकेश पाण्डे,अभिषेक मिश्रा,मनीष लोहिया मनीष शुक्ला,विनय नामदेव,पवन ताम्रकार,आदित्य दीक्षित, मो.तारिख,धीरेन्द्र सोनी,संतोष तिवारी,रमेश परोहार,अनुराग मिश्रा,संतकुमार कावेरिया,विष्णु पाण्डे,अनिल मरावी,हल्के यादव,कन्हैया पटैल,राजू यादव आदि ने शिक्षा मंत्री म.प्र.शासन को ई - मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित कर मांग की है कि अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों के शीघ्र एम्पलाई कोड जारी करने के निर्देश दिये जायें ।

## आज की युवा पीढ़ी व बच्चों को धर्म की ओर ध्यान देना चाहिए

**गोटेगांव।** गोटेगांव समीप सालीवाडा देव मुरलीधर मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास कृष्णकांत शास्त्री जी ने कहा कि आज जो युवा पीढ़ी व बच्चे प्रचलित विरोधियों के पीछे भाग रहे हैं उन्हें हमारी संस्कृति व धर्म की ओर ध्यान देना चाहिए हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें हमारा सनातन धर्म कई हजार वर्ष पुराना है किंतु दुर्भाग्य की बात है कि हम अंग्रेज नव वर्ष को बड़े धूमधाम से मनाते हैं हमारा भारतीय हिंदू नव वर्ष जो चैत नवरात्र से प्रारंभ होता है उसे तो अधिकतर युवा ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं जब भी हम सनातनी हैं हमें अपने धर्म के प्रति सदैव जागरूक और सजग रहना चाहिए धुंधकारी कथा भक्त प्रहलाद कथा समुद्र मंथन आदि पर कथा सुनाते हुए कथा व्यास कृष्णकांत शास्त्री जी ने आगे कहा कि आजकल भगवान की झूठी कसम खाई जाती हैं आप लोगों ने अदालत में देखा होगा कि गीता पर हाथ रख कर कसम खाई जाती है जो कहूंगा सच कहूंगा क्या आजकल आप जो देख रहे हैं वह सत्य हो रहा है इसलिए शायद कानून की आंखों पर पट्टी बांधी रही है हमें सत्य के साथ हमेशा देना चाहिए थोड़ी बहुत परेशानी सभी को होती है इसका यह मतलब नहीं क्या असत्य का साथ दें हमेशा सत्य को साथ देना चाहिए सत्य के साथ ईश्वर खड़ा रहता है और अपना आर्शीवाद प्रदान करता है और सत्य की हमेशा विजय होती है ध्यान रखना प्रवचन दोपहर 2:00 से 5:00 तक पूजा पाठ 8:00 से 11:00 तक पंडित राजकुमार शास्त्री जी तेंदूखेड़ा मंदिर पुजारी आशीष त्रिपाठी जी यजमान अर्जुन लोधी श्रीमती कांति लोधी आयोजन समिति ने कथा स्थल में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# कानपुर में लगी रिकॉर्ड्स की झड़ी




## अक्षर-श्रेयस-अश्विन ने रचा इतिहास, कीवी टीम इस साल एक भी टेस्ट नहीं हारी

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में अजिंक्य रहाणे भारत के स्टैंड-इन कप्तान थे, जबकि न्यूजीलैंड का नेतृत्व केन विलियम्सन कर रहे थे। श्रेयस अय्यर ने भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया और डेब्यू पर पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने।

हम आपको मैच में बने कुछ महत्वपूर्ण आंकड़ों के बारे में बता रहे हैं...

2010 के बाद 2021- न्यूजीलैंड कानपुर टेस्ट से पहले पिछली बार भारत में 2010 में हैदराबाद में टेस्ट ड्रॉ कराने में सफल रहा था। 11 साल बाद कीवी टीम भारत में कोई टेस्ट ड्रॉ करा पाई है।

0/6- अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारत कोई टेस्ट नहीं हारा है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारत ने चार जीते और दो ड्रॉ रहा।

6- न्यूजीलैंड ने इस टेस्ट से पहले और 2010 के बाद से भारत में खेले गए 6 टेस्ट गंवाए हैं।

6/12- भारत ने 2021 में 6 टेस्ट जीते हैं। टीम ने इस साल किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा जीत हासिल की है। भारत ने 2021 में तीन मैच हारे हैं और तीन टेस्ट ड्रॉ रहा है।

7/23- भारत ने कानपुर में 23 में से 7 टेस्ट जीते हैं। भारत ने इस मैदान पर तीन हारे हैं और 13 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

1 केन विलियम्सन टेस्ट में एशिया में न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तान बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। कप्तान के रूप में विलियम्सन ने एशिया में आठ टेस्ट में से तीन टेस्ट जीते हैं। इससे पहले स्टीफन फ्लेमिंग ने भी एशिया में 13 टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की थी।

0/5- न्यूजीलैंड 2021 में कोई टेस्ट नहीं हारा है। उसने पांच मुकाबले खेले हैं। इसमें से तीन में जीत हासिल की और दो टेस्ट ड्रॉ रहा।

450- न्यूजीलैंड का यह 450वां टेस्ट था। इतने टेस्ट खेलने वाली कीवी पांचवीं टीम है।

50- उमेश यादव का यह 50वां टेस्ट था।

2- न्यूजीलैंड ने भारत में 1988 में मुंबई में और 1969 में नागपुर में केवल दो टेस्ट जीते हैं।

125- भारतीय गेंदबाजों ने टेस्ट में 2021 में 125 नो बॉल फेंकी हैं, जो इस साल किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। यह 2010 के बाद एक कैलेंडर वर्ष में भारतीय गेंदबाजों द्वारा फेंकी गई अधिकतम नो बॉल भी है।

तीसरे- अक्षर पटेल ने 4 टेस्ट में 33 विकेट लिए हैं। करियर के पहले चार टेस्ट में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा यह दूसरा सबसे अधिक विकेट है। करियर के पहले चार टेस्ट में नरेंद्र हिरवानी का 36 विकेट लिए थे। वह पहली सात टेस्ट पारियों में सबसे ज्यादा 5 बार पारी में पांच विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं।

50- टिम साउदी भारत के खिलाफ 50 टेस्ट विकेट पूरे किए।

4000- टॉम लाथम ने कानपुर टेस्ट में इस फॉर्मेट में 4000 रन पूरे किए। ऐसा करने वाले वह नौवें कीवी बल्लेबाज हैं।

50- काइल जेमीसन ने टेस्ट में 50 विकेट पूरे किए। इसके लिए उन्होंन नौ टेस्ट खेले। वह न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने दिग्गज शेन बांड (12 मैच) को पीछे छोड़ दिया।

300- रविचंद्रन अश्विन घर (भारत) में 300 टेस्ट विकेट पूरे करने से 8 विकेट दूर हैं। भारत में अश्विन से ज्यादा टेस्ट विकेट (350) सिर्फ अनिल कुंबले ने ही लिए हैं।

100- उमेश यादव घर में 100 टेस्ट विकेट पूरे करने से 3 विकेट दूर हैं।

44- रविचंद्रन अश्विन 2021 में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने इस दौरान सात टेस्ट खेले हैं। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी उनके साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। दूसरे नंबर पर 39 विकेट के साथ पाकिस्तान के ही हसन अली हैं।

419- अश्विन टेस्ट में अब तक 419 विकेट ले चुके हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट के मामले में अश्विन तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं। अनिल कुंबले (619) और कपिल देव (434) उनसे आगे हैं।

## भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट ड्रॉ



# आठ ओवर में आखिरी विकेट नहीं गिरा सके भारतीय गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 284 रन के लक्ष्य के जवाब में कीवी टीम पांचवें दिन का खेल समाप्त होने तक 9 विकेट पर 165 रन बना सकी। आखिरी दिन न्यूजीलैंड को जीत के लिए 280 रन चाहिए थे और उसके नौ विकेट बचे थे। हालांकि, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की जोड़ी ने कीवी के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को जमने का मौका नहीं दिया। जडेजा ने चार और अश्विन ने तीन विकेट झटके। एक वक्त कीवी टीम ने 80 ओवर में 138 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद 18 ओवर में भारत को जीत के लिए तीन विकेट चाहिए था।

उस वक्त रचिन रवींद्र ने काइल जेमीसन के साथ 46 गेंद (लगभग 8 ओवर) बिताए। जेमीसन (5) के आठवें विकेट के रूप में आउट होने के बाद रचिन ने टिम साउदी के साथ मिलकर 20 गेंद (लगभग 3 ओवर) बिताए। न्यूजीलैंड के 155 पर 9 विकेट गिर चुके थे। इसके बाद रचिन और एजाज पटेल ने गजब की बल्लेबाजी की। इन दोनों ने 52 गेंद (लगभग 9 ओवर) मैदान पर गुजारे और अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों पर विकेट नहीं गंवाया। दोनों टीमों के बीच अब दूसरा टेस्ट मुंबई में तीन दिसंबर से खेला जाएगा।

### कानपुर में भारत-न्यूजीलैंड के आंकड़े

भारत ने पहली पारी में 345 रन और न्यूजीलैंड ने 296 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 234 रन रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इस तरह न्यूजीलैंड को 284 रन का लक्ष्य मिला। यह भारत-न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में दूसरा ड्रॉ टेस्ट मैच है। दोनों टीमें ग्रीन पार्क मैदान पर चार टेस्ट खेल चुकी हैं। 1976 में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। वहीं, 1999 में भारत ने कीवी टीम को 8 विकेट से और 2016 में 197 रन से हराया था। कानपुर में भारत 23 टेस्ट खेल चुका है। इसमें से सात में टीम को जीत मिली और तीन में हार का सामना करना पड़ा। 13 टेस्ट ड्रॉ हुए हैं।

### न्यूजीलैंड दूसरी पारी

284 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम की शुरुआत खराब रही। विल यंग 2 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विल सोमरविले और टॉम लाथम ने टीम को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी निभाई। सोमरविले 110 गेंदों पर 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमेश यादव ने शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान विलियम्सन ने लाथम के साथ मिलकर पारी संभाली।

लाथम ने इस बीच टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई। विलियम्सन और लाथम के बीच तीसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई। लाथम को अश्विन ने क्लीन बोल्ड किया। इस विकेट के साथ अश्विन भारत के तीसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज बन गए। उन्होंने 418 विकेट लिए हैं, जबकि हरभजन के 417 टेस्ट विकेट थे। लाथम के आउट होते ही विकेट की झड़ी लग गई।

### भारत दूसरी पारी

भारत ने दूसरी पारी को 234 रन पर घोषित कर दिया था। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे आउट ऑफ फॉर्म दिखे। पुजारा 22 रन और रहाणे 4 रन बना सके। मयंक अग्रवाल (17) और रवींद्र जडेजा (0) भी कुछ खास नहीं कर सके। श्रेयस अय्यर ने इस पारी में फिर शानदार बल्लेबाजी की और रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। श्रेयस ने इस बीच लगातार दूसरी पारी में 50 प्लस का स्कोर बनाया।

अय्यर (65) साउदी की गेंद पर आउट हुए। आउट होने से पहले उन्होंने ऋद्धिमान साहा के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी निभाई। साहा ने इस बीच टेस्ट करियर का पांचवां अर्धशतक भी लगाया। अक्षर और साहा के बीच आठवें विकेट के लिए नाबाद 67 रन जोड़े। साहा 126 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से साउदी और जेमीसन ने 3-3 विकेट लिए।

### न्यूजीलैंड पहली पारी

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 296 रन बनाए। अच्छी शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। टॉम लाथम और विल यंग ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। लाथम 95 और यंग 89 रन बना सके। इसके बाद विलियम्सन 18, टेलर 11, निकोल्स 2, ब्लंडेल 13, रचिन 13, जेमीसन 23, साउदी 5, सोमरविले 6 रन बना सके। भारत की ओर से अक्षर ने 5 और अश्विन ने 3 विकेट लिए।

### भारत की पहली पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 345 रन पर ऑलआउट हुई। टीम इंडिया ने पहले चार विकेट 145 के स्कोर पर गंवा दिए थे। मयंक अग्रवाल 13 रन बना सके। वहीं, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे एक बार फिर फेल रहे। पुजारा 26 रन और रहाणे 35 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने टेस्ट करियर की चौथी फिफ्टी लगाई। वे 93 गेंदों पर 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक लगाया। वे 105 रन बना सके। वहीं, जडेजा ने 50 रन की पारी खेली। अश्विन ने भी 38 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने पांच विकेट लिए। वहीं, जेमीसन को 3 विकेट मिला। एजाज पटेल ने दो विकेट लिए।

# अश्विन ने तोड़ा भज्जी का रिकॉर्ड

## हेडली-स्टेन को भी इस मामले में पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस टेस्ट में भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दोनों पारी मिलाकर अब तक छह विकेट ले चुके हैं। पहली पारी में अश्विन ने तीन विकेट लिए थे। दूसरी पारी में अब तक अश्विन ने तीन विकेट लिए हैं। इसके साथ ही उनके टेस्ट करियर में 419 विकेट हो गए हैं और हरभजन सिंह को पीछे छोड़ दिया है।अश्विन का टेस्ट में रिकॉर्ड-अश्विन अपना 80वां टेस्ट खेल रहे हैं और 24 की औसत और 52 के स्ट्राइक रेट से 419 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 बार पारी में पांच विकेट और सात बार दोनों पारी मिलाकर 10 विकेट लिए हैं। पारी में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 59 रन देकर सात विकेट है। वहीं, मैच (दोनों पारी) में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 140 रन देकर 13 विकेट है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट में 2755 रन बनाए हैं। अश्विन भज्जी का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं-अश्विन भज्जी का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। हरभजन ने 103 टेस्ट में 32.46 की औसत और 68.5 के स्ट्राइक रेट से 417 विकेट लिए थे। एक पारी में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 84 रन देकर आठ विकेट है। वहीं, मैच में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 217 रन देकर 15 विकेट है। 25 बार टेस्ट में उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। वहीं, 5 बार दोनों पारी मिलाकर एक टेस्ट में 10 विकेट लिए। इसके अलावा भज्जी ने 2224 रन भी बनाए हैं। हेडली और स्टेन को भी पीछे छोड़ा-अश्विन 80 टेस्ट के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दुनिया के सभी गेंदबाजों की तुलना में दूसरे नंबर पर हैं। श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने 80 टेस्ट के बाद 450 विकेट चटकाए थे। वहीं, अश्विन 419* के साथ दूसरे, रिचर्ड हेडली 403 विकेट के साथ तीसरे और दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन 402 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। अश्विन और भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं-अश्विन के पास अब कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। कपिल ने टेस्ट में 434 विकेट लिए थे। वे भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं, अनिल कुंबले ने सबसे ज्यादा 132 टेस्ट में 619 विकेट चटकाए थे। ओवरऑल अश्विन ने तीन फॉर्मेट मिलाकर 242* मैचों में 630 विकेट लिए हैं। वनडे में 150 और टी-20 में 61 विकेट लिए हैं। कपिल देव का भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं-कपिल देव सभी फॉर्मेट मिलाकर भारत के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टेस्ट और वनडे मिलाकर 687 विकेट लिए हैं। हरभजन के नाम सभी फॉर्मेट मिलाकर 711 विकेट और कुंबले के नाम 956 विकेट हैं। अश्विन के पास इस साल कपिल देव के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का मौका है। हरभजन और कुंबले के रिकॉर्ड में फिलहाल कुछ समय लग सकता है। टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट मुरलीधरन ने लिए-टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 800 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वार्न 708 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 632 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा 563 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। अश्विन ने वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ा-अश्विन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर शॉन पोलक के टेस्ट में विकेट के रिकॉर्ड से दो विकेट दूर हैं। पोलक ने 421 विकेट लिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के रिचर्ड हेडली के नाम 431 विकेट हैं। अश्विन ने हाल ही में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा था। वसीम ने 414 विकेट लिए थे। इसके अलावा अश्विन अनिल कुंबले के सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। कुंबले ने 31 बार पारी में पांच विकेट लिए। वहीं, अश्विन ने 30 बार यह कारनामा किया है।

### 80 टेस्ट के बाद सबसे ज्यादा विकेट

- 450- मुथैया मुरलीधरन
- 41- रविचंद्रन अश्विन
- 403- रिचर्ड हेडली
- 402- डेल स्टेन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगन रनोट अपनी फिल्मों के अलावा विवादित बयानों के चलते काफी सुर्खियों में रहती हैं। फिल्म इंडस्ट्री के आंतरिक मामलों से लेकर देश के लगभग हर मुद्दे पर कंगना अपनी बेबाक राय रखती हैं। अपने बयानों के चलते कई बार कंगना को मुसीबतों का सामना भी करना पड़ता है। एक्ट्रेस के खिलाफ अलग-अलग मामलों में केस भी दर्ज किए जा चुके हैं अब इसी बीच कंगना को जाने से मारने की धमकी मिली है जिसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट के जरिए किया है। अपने पोस्ट में ही कंगना ने ये भी बताया है कि इस मामले में एक्ट्रेस ने एफआईआर दर्ज करवा दी है, वहीं सोनिया गांधी से अपील की है कि वह पंजाब की मुख्यमंत्री को निर्देश दें कि इस पर तुरंत कर्रवाई करें। कंगना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मुंबई में हुए आतंकी हमले के शहीदों को याद करते हुए मैने लिखा था कि गद्दारों को कभी माफ नहीं करना, ना ही भूलना। इस तरह की घटना में देश के अंदरूनी देशद्रोही ग़द्दारों का हाथ होता है। देशद्रोही गद्दारों ने कभी पैसे के लालच में तो कभी पद व सत्ता के लालच में भारत मां को कलंकित करने के लिए एक भी मौका नहीं छोड़ा, देश के अंदरूनी जयचंद और गद्दार षड्यंत्र रच देश विरोधी ताकतों को मदद करते रहे, तभी इस तरह की घटनाएं होती हैं'। 'मेरे इसी पोस्ट पर मुझे विघटनकारी ताकतों की तरफ से निरंतर धमकियां मिल रही हैं। बठिंडा के एक भाई साहब ने तो मुझे खुलेआम जान से मारने की धमकी दी है। मैं इस तरह की गीदड़ भभकी या धमकियों से नहीं डरती। देश के खिलाफ षड्यंत्र करने वालो और आतंकी ताकतों के खिलाफ बोलती हूं और हमेशा बोलती रहूंगी।

# कंगना रनोट की मिली जान से मारने की धमकी

## एक्ट्रेस बोलीं 'देश के लिए बलिदान भी देना पड़े तो मंजूर'

# अतरंगी रे के प्रमोशन के बीच सारा अली ख़ान ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली ख़ान एक नवाब ख़ानदान से ताल्लुक़ रखती हैं ये बात तो जगज़ाहिर है, लेकिन एक और बात जो एक्ट्रेस के बार में सब जानते हैं वो ये कि इतने बड़े ख़ानदान की बेटी होने के बावजूद भी सारा बहुत डाउन टू अर्थ हैं। सारा ने कई मौकों पर ये ज़ाहिर किया है कि हर किसी की इज्ज़त करती हैं फिर चाहें वो उनके फैंस को, कोई अमीर हो या गरीब.... सारा सबको उतने ही प्यार से ट्रीट करती हैं और उनका सम्मान करती हैं। हाल ही में फिर कुछ ऐसा हुआ जहां एक्ट्रेस ने ये साबित कर दिया कि वाकई दिल की कितनी नेक हैं और अमृता सिंह ने उनका परवरिश कितनी अच्छी की है। दरअसल, हुआ यूं कि सारा एक कॉलेज में अपनी अपकमिंग फिल्म 'अतरंगी रे का प्रमोशन करने पहुंची थीं। ज़ाहिर है सारा को देखने के लिए यहां काफी भीड़ मौजूद थी और पैपाराज़ी भी इक्ट्ठा थे। इस दौरान एक्ट्रेस के बॉडीगार्ड ने एक पैपराजी को धक्का दे दिया जिस वजह से वो गिर गया। सारा को जैसे ही ये बात पता चली वो भड़क गईं। पैपराज़ी का नाम पता चलने के बाद सारा ने कहा कि वो उसने माफी मांगी और वॉर्न किया कि वो ऐसे किसी को धक्का न दें। सारा ने खुद भी पैपराज़ी से माफी मांगी और फिर वो अपनी कार में बैठ गईं। सारा की ये दरियादिली उनके फैंस को काफी पसंद आ रही और लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं



# वैक्सीन हर वैरियंट पर प्रभावशाली : डॉ. राजपूत

**देश के अधिकांश लोग कोरोना से प्रभावित हो चुके है वहीं लगभग वैक्सीनेशन कार्य हो चुका है जिसको लेकर कह सकते है कि कोरोना का नया वैरियंट उतना प्रभावी नहीं होगा जिससे की तीसरी लहर की संभावना प्रबल हो वही वैक्सीन को लेकर फैलाई जा रही खबरी कोरी अफवाह है। वैक्सीनेशन हर वैरियंट पर काम करेगा। यह कहना है कोरोना संक्रमण में सैकडों संक्रमितों की जान बचाने वाले मेट्रो हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र राजपूत का।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
शाम 5 बजे प्रसारण

यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राईम टाइम विद आशीष शुक्ला में हमने कोरोना के नये वैरियंट होमीक्रोन सहित इससे बचाव व सुरक्षा संबंधी चर्चा की

## देश भर में नहीं आएगी तीसरी लहर

डॉ राजपूत देश में संभावित तीसरी लहर आने के सवाल पर वह कहते है कि अगर तीसरी लहर का आना होगा तो वह पहली और दूसरी लहर की तरह प्रभावी नहीं होगी। हो सकता है कि तीसरी लहर अलग अलग आ सकती है लेकिन वह पहली लहर की तरह ही होगी दूसरी लहर की तरह घातक नहीं होगी। जिसके पीछे कारण है कि देश की अधिकांश जनता कोरोना से काफी हद तक प्रभावित हो चुकी है वही वैक्सीनेशन प्रोगाम के कारण ज्यादातर लोगों में हार्ड इम्यूनिटी डेव्लप हो चुकी है।

## वैक्सीनेशन के बेअसर की अफवाह

इस तरह की अफवाह के आने के तुरंत बाद ही डब्ल्यूएचओ की डायरेक्टर स्वामीनाथन ने इसकी पुष्टि की थी कि कोरोना वायरस कितना भी म्यूटेट हो जाए वैक्सीनेशन काम करेगी क्योंकि वैक्सीन जो बना है वह स्पाईक प्रोटीन से बना है। स्पाईक प्रोटीन वायरस के उपर बना ऐसा प्रोटीन है जो अटैच होता है सेल से और उसके अटैच होने से वायरस सेल के भीतर



**प्राईम टाइम विद आशीष शुक्ला में मेट्रो हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र राजपूत से चर्चा**

घुसता है लेकिन स्पाईक प्रोटीन वायरस को अंदर नहीं घुसने देता।

## बच्चों को लेकर संक्रमण की संभावना

डॉ राजपूत कहते है कि अगर पहली और दूसरे दौर में बच्चों को संक्रमण नहीं हुआ जिसके पीछे कारण है कि बच्चे प्राकृतिक रूप से इस वायरस से लडने में सक्षम है इसलिये मुझे नहीं लगता कि उनके संक्रमित होने की संभावना है। क्योंकि एज रिसेप्टर बच्चों में कम होते है।

## बूस्टर डोज नहीं है जरूरी

डॉ राजपूत कहते है कि हिंदुस्तान में अभी भी ऐसे लोग है जिन्हे पहला डोज नहीं लगा और अगर पहला डोज लग भी गया है तो दूसरा नहीं लग पाया ऐसे में मानवता के आधार पर हम किसी पैसे से खरीदकर किसी दूसरे का हक मार यह बूस्टर डोज नहीं लेना चहिये, क्योंकि इस बीमारी से हमें पूरी आबादी को बचाना है इसलिये मानवता के आधार पर बूस्टर डोज नहीं लेना चाहिये।

## डब्ल्यूएचओ की जवाबदारी पूरा विश्व

डॉ राजपूत कहते है कि दुनियां में कई देश ऐसे भी है जहां वैक्सीन अभी तक नहीं पहुंची है जिसको लेकर डब्ल्यूएचओ ने भी अन्य देशों से वैक्सीन इन देशों में पहुंचाने का आव्हान किया है इसलिये क्योंकि दुनियां के सभी लोगों को इस घातक बीमारी से बचाने की जिम्मेदारी केवल डब्ल्यूएचओ की अकेले नहीं हमारी भी है। जरूरी है कि वैक्सीन की बर्बादी न कर इसे उस तक पहुंचाने में मदद करें जिन्हें इसकी जरूरत है।

## जब कोरोना था तब था डेंगू नदारत्

लोगों द्वारा डेंगू से कोरोना को जोडने के सवाल पर डॉ. राजपूत कहते है कि डेंगू जो है वह मच्छरजनित बीमारी है। पिछले दो साल से जब हम कोरोना से जूझ रहे थे तब डेंगू नहीं था प्राकृति एकदम से नहीं टूट पडती है इसलिये यह दोनों बीमारी हावी नहीं हो पायी। लेकिन कोरोना के चलते सावधानी बरतने के कारण डेंगू उतना प्रभावी नहीं हो पाया था।

## होमीक्रोन वैरियंट क्या है

डॉ. राजपूत से जब होमीक्रोन वैरियंट के बारे में पूछने पर उन्होने बताया कि रिसर्च के अनुसार अभी तक सामने आया है कि इस नये वैरियंट में बत्तीस नये म्यूटिशियन है लेकिन अभी तक ऐसी कोई जानकारी नहीं आई कि यह खतरनाक होगा, हां इससे ज्यादा संख्या में लोग प्रभावित होगें जिसके पीछे कारण है कि उसके पास स्पाईक प्रोटीन की संख्या ज्यादा है जो हमारे रिसेप्टर पर जल्दी जुडता है जिससे लोग प्रभावित होंगे।

## एसएमएस पर दे ध्यान

डॉ. राजपूत लोगों से अपील करते हुए कहते है कि अभी भी सैनिटाईजर, मास्क और सोशल डिस्टेंसिग बहुत जरूरी है। इन तीन चीजों से ही हम कोरोना से जीत सकते है और इसके कारण ही हम दूसरों को भी बचा सकते है। इसलिये अभी भी लोगों को कोरोना के इन नियमों का पालन जरूर करना चाहिये ताकि आपका परिवार सुरक्षित रह सके।

## यशभारत ने किया लोगों को जागरूक

डॉ. राजपूत यशभारत को कोरोना महामारी के दौरान आम जनता को जागरूक करने के लिये साधुवाद देते हुए कहते है कि, यशभारत द्वारा समय समय पर लोगों तक संक्रमण से सुरक्षा और भ्रामक खबरों को तथ्यों के साथ निराधार साबित करने से लोगों में जागरूकता आई है। वहीं कोरोना वायरस के संबंध में दी गई हर खबर पर जनता का विश्वास यह दर्शाता है कि यशभारत ने पत्रकारिता के सजग प्रहरी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

# जबलपुर एयरपोर्ट से बगैर जांच के शहर नहीं पाएंगे यात्री

## कलेक्टर का निर्णय, स्वास्थ्य अधिकारी ने बनाई टीम

जबलपुर,यशभारत। साऊथ अफ्रीका की महिला सैन्य अधिकारी के जबलपुर आने के बाद से पूरे प्रदेश में मची गहमागहमी के बीच कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने निर्णय लेते हुए आदेश जारी किए है कि एयरपोर्ट से शहर पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच होगी।



इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की निगरानी में एक टीम बनाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम एयरपोर्ट में मौजूद रहकर शहर आने वाले यात्रियों की जांच करेगी। जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट में दक्षिण अफ्रीका एवं अन्य देशों से आने वाले यात्रियों की कोविड एवं वैक्सिनेशन जांच के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने डॉ.प्रियंक दुबे व डॉ. शुभम अवस्थी को आदेशित किया एवं उनको मोबाइल टीम का गठन करके सभी की जाँच करवाने के लिए को निर्देशित किया किसी भी देश से आना वाले सभी लोगों की जाँच के बाद ही उनको शहर में आने की अनुमति दी जाए।

### इस कारण फैली दहशत

साउथ अफ्रीका के बोत्सवाना की रहने वाली खुमो ओरीमेट्सी लिन 18 नवंबर को दिल्ली से जबलपुर एयर इंडिया की फ्लाइट से पहुंची हैं। महिला पूरी तरह से स्वस्थ्य है और कोविड जैसे कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। बोत्सवाना में वतज़्मान में कोविड का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन फैला है। यह डेल्टा वैरिएंट से सात गुना तेजी से संक्रमित कर रहा है।

# ट्रेक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत मिक्सर मशीन को ट्रेक्टर से जोड़कर बड़ा पत्थर ले जा रहे थे। तभी सुभाष चौक में वाहन की रफ्तार अधिक होने के कारण मजदूर ट्रेक्टर से छिटक-कर जमीन पर सिर के बल जा गिरा। आनन-फानन में घायल मजदूर को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच कर, मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भूरा सिंह पिता शंकर सिंह उरैती 21 साल, महंगाव थाना कुंडम का रहवासी है। बड़ा पत्थर में बिल्डिंग निर्माण का कार्य चल रहा था, जहां मिक्स्चर मशीन को ट्रेक्टर से ले जाया जा रहा था। भूरा सिंह ट्रेक्टर में बैठा था। इसी दौरान सुभाष चौक में ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया और भूरा सिंह वाहन से गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



# पोर्टल में सबकुछ ओके, कोचिंग के भरोसे स्कूल की छात्राएं

# MLB में हिंदी-अंग्रेजी, संस्कृत और होमसाइंस पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं

**जबलपुर,यशभारत। महारानी लक्ष्मी बाई कन्या स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाएं पटरी से उतर आई है। जानकर हैरानी होगी कि स्कूल में हिंदी-अंग्रेजी, संस्कृत और होमसाइंस पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं है। इन विषयों के विद्यार्थी कोचिंग के भरोसे है।**

सबसे बड़ी बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में इन विषयों के पद भरे बताए जा रहे हैं। इस वजह से स्कूल प्रबंधन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं कर पा रहा है।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी है

मालूम हो कि सोमवार से 9वीं से लेकर 11 वीं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस स्कूल में शिक्षक ही नहीं है वहां के बच्चों की परीक्षा तैयारी कैसी रही होगी। हालांकि स्कूल प्राचार्य ने इस संबंध में अनेक बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।



## क्या है मामला

स्कूल में करीब आधा दर्जन विषयों के शिक्षक नहीं हैं। कई सेवानिवृत्त हो चुके हैं। स्कूल प्रबंधन ने इस संबंध में जरूरी कारज़्वाई विभाग को की। करीब डेढ़ माह से ज्यादा वक्त बीत चुका है। विभाग ने इस संबंध में रिक्त पद की जानकारी आनलाइन अपडेट ही नहीं की है। जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण विभागीय अनुमति अतिथि शिक्षक के लिए नहीं मिल पा रही है। बताते हैं कि आनलाइन पोटज़्ल पर जानकारी अपडेट नहीं होने के कारण स्थानीय स्तर पर कोई समाधान नहीं मिल रहा है।

## ये विषय जिसमें पढ़ाने वाले नहीं

एमएलबी स्कूल में हिंदी के दो, अंग्रेजी के एक, सामाजिक विज्ञान के दो, संस्कृत एक तथा होमसाइंस के एक पद रिक्त बने हुए हैं। इन विषय में छात्राओं को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं हैं। उन्हें खुद ही पढ़ाई करनी पड़ रही है। इधर कोरोना संक्रमण की वजह से बोर्ड परीक्षा फरवरी में आयोजित की जा रही है। कम वक्त में ज्यादा कोर्स पढ़ाना है लेकिन कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं का कोर्स शिक्षकों की कमी के कारण पूरा हो नहीं पा रहा है। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि बिना आनलाइन पोर्टल पर जब तक पद रिक्त नहीं दिखेगा तो अतिथि शिक्षक की नियुक्ति संभव नहीं है।

# सरपंच भाई की हत्या के तार तांत्रिक क्रियाओं से जुड़ रहे

## पुलिस के हाथ अब तक नहीं लगा सिर

जबलपुर, यशभारत। तिलवारा के परासिया गांव में सरपंच भाई की नृशंस हत्या के मामले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहीं है। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में हत्या का प्रमुख कारण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन चर्चा है कि वृद्ध को संभवत: तांत्रिक क्रियाओं को पूरा करने के लिए मौत के घाट उतारा गया, इधर पुलिस धड़ का पीएम कराकर मामले की जांच कर रही है।



### परिजन, रिश्तेदारों से पूछताछ

तिलवारा पुलिस के अनुसार मृतक गया प्रसाद कुसराम (60) की हिस्ट्री जानने के लिए पुलिस उनके परिवार एवं परिचितों से पूछताछ कर रही है। मृतक किन गतिविधियों में और किन लोगों से संपर्क में था, पुलिस इस एंगल में भी जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों के जो बयान आए थे, जिसमें कहा गया था कि मृतक की किसी से दुश्मनी नहीं थी। हालांकि पुलिस परिजनों के बयानों से हटकर, मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। जबलपुर के परासिया झिरी गांव में सोमवार, 29 नवम्बर को सरपंच के चचेरे भाई की जघन्य हत्या कर दी गई। हत्यारे पीड़ित की गर्दन काट कर ले गए। गांव से डेढ़ किमी दूर चना-गेहूं के खेत में बनी झोपड़ी में उसका खून से लथपथ धड़ पड़ा था। दोपहर में परिवार के लोग पहुंचे, तो घटना की जानकारी हुई। मृतक के बड़े बेटे की एक साल पहले ही एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। रविवार रात आठ बजे वह घर से खाना खाकर निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया।

### अबूझ पहेली बन गया सिर

वृद्ध की नृशंस हत्या के बाद मौके पर पहुंची एफएसएल, डॉग स्कॉड टीम लगातार वृद्ध के गायब सिर की तलाश में जुटी है। पुलिस तंत्र-मंत्र की आशंकाओं से इंकार नहीं कर रही है। तो वहीं इस मामले को लेकर क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।



"मामले में क्राइम ब्रांच सहित अन्य थानों की चार टीमें लगाई गईं हैं। संदिग्धों से लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस हर एंगल से मामले को सुलझाने में जुटी है।
सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी जबलपुर

## अधारताल में तोड़फोड़

# 3 पड़ोसियों ने घेरकर डंडे से किया वार, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के महाराजपुर में तेरहवीं के कार्यक्रम में रोड पर लगाए गए टेंट और बच्चों के खेलने पर तीन पड़ोसियों से भोजन की टेबिल पलट दी और तोड़फोड़ करते हुए डंडे से हमला कर पीड़िता घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।



जानकारी अनुसार आकाश दुबे 33 वर्ष निवासी महाराजपुर ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की तेरहवीं का कार्यक्रम रहा था । टेण्ट के नीचे कुर्सिया रखीं थीं जिसमे मेहमान बैठे हुये थे। तभी उसके घर के समाने सौरभ पटैल , निक्की पटेल, समीर बर्मन तीनों डंडा लेकर आये और गाली गलौज करते हुये कहने लगे कि बच्चों द्वारा बहुत उत्पाद किया जा रहा है। पूरे रोड पर सामान फैला रखा है, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों डंडे से कुर्सियों में तोड़फोड़ करने लगे तथा टेबल में रखा भोजन फेंक दिया। उसने विरोध किया तो सौरभ पटैल ने डंडा से हमला कर घायल कर दिया। रिश्तदारों ने बीच बचाव किया तो तीनों वहां से फरार हो गए।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )